26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 23 अप्रैल, 2026

अंक- 178 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

### श्री बदरीनाथ धाम के कपाट खुले

उत्तराखंड के नर और नारायण पर्वतों के मध्य स्थित श्री बदरीनाथ मंदिर के कपाट आज सुबह 06.15 बजे बैसाख मास शुक्ल पक्ष पुनर्वसु नक्षत्र एवं सर्वार्थ सिद्ध योग में श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए।

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES भगन्दर FISTULA फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# बंगाल व तमिलनाडु में पड़ रहे वोट

## मुर्शिदाबाद में पथराव, हुमायूं कबीर के समर्थक टीएमसी कार्यकर्ताओं से भिड़े, सिलीगुड़ी में बीजेपी और टीएमसी कार्यकर्ताओं में झड़प

कोलकाता/चेन्नई ( एजेंसी/चिंगारी )। पश्चिम बंगाल में फर्स्ट फेज की 152 सीटों पर और तमिलनाडु में सभी 234 सीटों पर आज वोट डाले जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल में मतदान तेजी से हुआ। 11 बजे तक बंगाल में 41.11 प्रतिशत और तमिलनाडु में 37.56 प्रतिशत वोटिंग हुई। बंगाल में कई जगह बीजेपी और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबरें आई हैं। कई जगह ईवीएम खराब होने की शिकायत भी मिली हैं। मुर्शिदाबाद के नौदा में वोटिंग से पहले देर रात देसी बम फेंका गया था। इसमें कई लोग घायल हो गए थे। इसके बाद आम जनता उन्नयन पार्टी के चीफ हुमायूं कबीर सुबह घटनास्थल पर पहुंचे तो उनका विरोध हुआ। इस दौरान टीएमसी कार्यकर्ताओं के साथ उनकी झड़प हुई। इसके बाद वे धरने पर बैठ गए। उन्होंने आरोप लगाया कि हमारे समर्थकों के साथ मारपीट की जा रही है। सिलीगुड़ी में भी वोटिंग के दौरान भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। दोनों राज्यों में सुबह निर्धारित समय पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरू हुआ। पश्चिम बंगाल में जिन विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जा रहे हैं, वहां सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किये गये हैं। केंद्रीय सुरक्षा बलों ने शांतिपूर्ण मतदान के लिये कमान संभाल रखी है। मतदाताओं में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। सुबह से ही पोलिंग बूथों पर लंबी कतारें दिख रही हैं। महिलाओं की संख्या ज्यादा है। ऐसा ही हाल तमिलनाडु में देखा जा रहा है।

## अध्यापिकाओं की आवश्यकता

बाल विद्या निकेतन ( जूनियर हाईस्कूल ) नई बस्ती, बिजनौर के लिये गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी की अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थिनी चार मई 2026 सोमवार की सुबह 9 बजे अपने व्यय पर विद्यालय प्रांगण ( करबला के पास ) में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों।

डॉ. ओ.पी. गुप्ता
प्रबंधक
8447871425

पूनम त्यागी
मुख्य अध्यापिका
8958254011

## आवश्यकता है

आर.के. बिल्डिंग मैटेरियल रावली रोड, तिमरपुर बिजनौर में कुशल सेल्समैन एवं ट्रैक्टर ड्राइवर की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार।
सम्पर्क करें-
मो. 9927291231

GENESIS INTERNATIONAL SR. SEC. SCHOOL

An English Medium Co-Educational School (Affiliated to CBSE, New Delhi)




Add.: Afzalgarh Road, NH-74, Opposite Satsang Bhawan, Jaspur, (Udham Singh Nagar) Uttarakhand

Email : genesisinternationalschool@gmail.com, | Website : www.genesisinternationalschool.org

# प्रीपेड मीटर से परेशान हैं व्यापारी, दिक्कतें हो रही हैं भारी

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने दिया ज्ञापन, अव्यवस्थाओं व अनियमितताओं को लेकर उठाए सवाल

**बिजनौर (चिंगारी)।** प्रीपेड बिजली मीटर लगाए जाने के बाद उत्पन्न हो रही समस्याओं को लेकर व्यापारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल (पंजीकृत) ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम जसजीत कौर को देकर प्रीपेड मीटर व्यवस्था में सुधार एवं अनियमितताओं को समाप्त करने की मांग की है। मंडल के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार कुच्छल, ज़िला मंत्री मुनीष त्यागी, बीएस राजपूत, शमशीर आलम, गुलाम साबिर, नगर अध्यक्ष सचिन राजपूत, मानव सचदेवा, डॉ. जमीरुद्दीन उस्मानी, स. अरविंदर सिंह, इकबाल अहमद व सभासद शमशाद गामा आदि का कहना है कि प्रीपेड मीटर लगने के बाद हजारों व्यापारियों और उपभोक्ताओं को बिजली संबंधी दिक्कतों का सामना करना



पड़ रहा है। आरोप है कि विभाग द्वारा मीटर संबंधी समस्याओं का सही समाधान नहीं किया जा रहा। रिचार्ज के बावजूद मीटर समय पर अपडेट नहीं हो रहे हैं। इसके अलावा गलत रीडिंग, अनावश्यक कटौती और बिना स्पष्ट आधार के वसूली जैसी शिकायतें भी सामने आ रही हैं।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि उपभोक्ताओं को सही जानकारी और सुविधाएं नहीं मिल पा रहीं। मीटर लगाने के बाद मोबाइल नंबर अपडेट न होना, ऐप व पोर्टल की तकनीकी खामियां और शिकायतों का समय पर निस्तारण न होना प्रमुख समस्याएं हैं। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि इन खामियों के चलते उपभोक्ताओं को मानसिक और आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। व्यापार मंडल ने सरकार से मांग की है कि प्रीपेड मीटर प्रणाली को उपभोक्ताओं की सहमति के आधार पर लागू किया जाए। साथ ही मीटर से संबंधित मैनुअल, 5 साल की गारंटी, मोबाइल ऐप की सुविधा, पारदर्शी बिलिंग व्यवस्था और शिकायत निवारण के लिए स्वतंत्र सेल की स्थापना की जाए। इसके अतिरिक्त व्यापारियों ने कहा कि बिजली कनेक्शन जारी करने और अन्य प्रक्रियाओं में हो रही अनियमितताओं पर भी रोक लगाई जाए तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। व्यापारियों ने उम्मीद जताई है कि सरकार उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द ठोस कदम उठाएगी, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

## महताब खां चांद ने नजीबाबाद को जिला बनाने की मांग की

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता महताब खान चांद ने विश्व पटल पर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बनाने वाले ऐतिहासिक महत्व की नगरी नजीबाबाद को जिला बनाने के लिए देश के प्रधानमंत्री, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड राज्य के मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को पत्र लिखकर मांग की है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य की सीमा पर स्थित कोटद्वार-हरिद्वार की सीमा से लगे नजीबाबाद से किरतपुर, नगीना, बढ़ापुर, नहटौर, धामपुर, स्योहारा,



नूरपुर सीधे सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है, हर जगह पर सीधे रेल सेवा है, पहाड़ी मैदानी क्षेत्रों में जुड़े नजीबाबाद में पूर्व में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड को हरिद्वार व मेडिकल कॉलेज को बिजनौर के पास ले जाया गया। नजीबाबाद तहसील क्षेत्र में बड़ी संख्या में वन भूमि भी है, साथ ही पत्थर गढ़ क़िले में एम्स मेडिकल भी बनाया जा सकता है। नजीबाबाद ऐतिहासिक महत्व की नगरी है, जहां अविभाजित उत्तर प्रदेश में महर्षि कण्व की तपस्थली दुष्यंत-शकुंतला की प्रणय स्थली, राजा भरत की जन्मस्थली व मोरध्वज क़िला, विश्व प्रसिद्ध दरगाहें आलिया नजफ़े हिन्द के साथ ही स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकारों, पत्रकारों, शायरों की धरती है। आजादी के बाद से हमेशा नजीबाबाद के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है, जिसके चलते नजीबाबाद उद्योग, रोजगार व विकास से अछूता रह गया। नजीबाबाद अगर जनपद बनाया जाता है तो चिकित्सा, स्वास्थ्य, रोजगार व विकास को बढ़ावा मिलेगा। क्योंकि चारधाम यात्रा धार्मिक स्थलों, पर्यटन स्थलों के लिए भी नजीबाबाद से ही आवाजाही होती है, इसलिए जनहित में नजीबाबाद को जिला घोषित किया जाए।

## मूर्ति स्थापना पर निकाली गई जनजागरूण शोभायात्रा

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के अन्नपूर्णा जनक हरि मंदिर में चतुर्वेदी परिवार के सौजन्य से शिव परिवार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापना कराई गई। इस मौके पर जन जागरण शोभायात्रा का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेत्री श्रीमती लीना सिंघल ने किया। चतुर्वेदी परिवार के विनायक चतुर्वेदी, निलोहित चतुर्वेदी, अभिषेक चतुर्वेदी ने मंदिर में शिव परिवार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा व स्थापना से पूर्व शहर के मुख्य चौराहे से होकर जनजागरण शोभायात्रा निकाली। इस अवसर पर व्यापारी नेता शोभित मित्तल, लवी अग्रवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता आशु अग्रवाल, आशीष सिंघल, नामित सभासद नमन गुप्ता, महिला मोर्चा भाजपा अध्यक्ष मनीषा सैनी, मंडल उपाध्यक्ष भाजपा श्रीमती गायत्री निराला, पत्रकार जितेंद्र जैन, संजय सैनी सहित शहर के गणमान्य नागरिक व श्रद्धालु मौजूद रहे।



ATHER अब आपके शहर बिजनौर में

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल
शोरूम मैनेजर व मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 8192801901

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# खासपुरा में खल-चोकर की दुकान में चोरी

## युवक हेलमेट लगाकर बिना नम्बर की बाइक लिये खड़ा रहा, नकाबपोश युवती ने दुकान में घुसकर चोरी की

**पैजनिया/खासपुरा ( चिंगारी )।** गांव खासपुरा में बैंक के सामने स्थित खल-चोकर की दुकान में घुसकर गल्ला तोड़ा और उसमें से करीब पंद्रह हजार की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। यह वारदात बैंक के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से जहां व्यापारियों में असुरक्षा की भावना व्याप्त है, वहीं पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव खासपुरा में हाईवे के किनारे जिला सहकारी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक एवं उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक है, जबकि इन बैंकों के सामने हाईवे पर ही ग्राम गाजीपुर निवासी रविंद्र कुमार की खल-चोकर की दुकान स्थित है। दुकान स्वामी रविंद्र कुमार के मुताबिक वह कल दोपहर करीब 2:00 बजे बच्चों को पहुंचाने के लिए अपने पास के गांव गाजीपुर गया था। जब वह लौटा तो दुकान का गल्ला टूटा हुआ था और उसमें से पंद्रह हजार की नकदी गायब थी। यह देख उसके होश उड़ गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पैजनिया चौकी पुलिस टीम ने घटना की छानबीन की, तथा बैंकों के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे की भी जांच की गई। जिसमें एक युवक 17 मिनट तक हेलमेट लगाकर बिना नंबर की बाइक पर दुकान के बाहर खड़ा रहा, जबकि बाइक से एक नकाबपोश युवती दुकान के अंदर घुसती हुई नजर आ रही है। इस संबंध में पैजनिया चौकी प्रभारी कमलेश यादव ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है, अभी तक दुकान स्वामी की ओर से घटना की कोई तहरीर नहीं मिल पाई है। आसपास के दुकानदारों का कहना है कि दिनदहाड़े हुई चोरी की इस वारदात से उनमें सुरक्षा की भावना व्याप्त है। उनका कहना है कि बैंकों की सुरक्षा में पुलिसकर्मी तैनात रहते हैं, जबकि वारदात के समय कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। उनका कहना है कि पैजनिया पुलिस ने बैंकों की सुरक्षा भी राम भरोसे छोड़ रखी है।

# नलकूप के झेरे में मिले गुलदार के दो शावक

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम कमालपुर के जंगल स्थित नलकूप के झेरे में गुलदार के दो शावक मिले। वन विभाग की टीम ने दोनों शावकों को सुरक्षित रेस्क्यू करते हुए खेत में ही छोड़ दिया। बुधवार को ग्राम निवासी बुद्ध सिंह के खेत में गेहूं की कटाई करने पहुंचे लोगों को आवाज सुनाई दी। कुएं के अंदर झांककर देखा तो शावक दिखाई दिये। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और दोनों शावकों को बाहर निकाला। डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि शावकों को पास के खेत में छोड़ दिया गया है, जिससे वह मादा गुलदार तक पहुंच सकें। मादा गुलदार की मौजूदगी की आशंका को देखते हुए मौके पर पिंजरा लगाया गया है। ग्रामीणों से सतर्क रहने का आह्वान किया।




जिले का पहला एवं एकमात्र
Sports Injury & Joint Replacement Centre
भगवती ऑर्थोपेडिक एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल
डॉ. मनु अग्रवाल
M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore) FiAS, FIJR (JAIPUR)
-सुविधाएं-
1. घुटने की गद्दी ( MENISCUS ) फटना
2. लिगामेंट का टूटना ( ACL/PCL )
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुड़ना
4. कंधे का बार-बार उतरना ( SHOULDER DISLOCATION ) 5. कंधे की नस का दबना या फट जाना ( Rotator Cuff Tear) 6. कुल्हे का बदलना ( DAA ) /घुटने का बदलना ( विदेशी Implant के साथ )
7. टूटी हड्डियों का Operation
निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।

समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक
रविवार अवकाश
पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9829211842, 8218989411



Hero
अप्रैल में हीरो के साथ शानदार ऑफर के साथ

1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक

CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 3000 |
| 2 | HF Deluxe | 2100 |
| 3 | Super Splendor | 3000 |
| 4 | Xtreme 125R | 2500 |
| 5 | Glamour X | 2500 |
| 6 | Premium Segment | 5000 |
| 7 | Mavrick | 50000 |
| 8 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## उम्र का असर या...

उम्र का असर जिस्म पर ही नहीं मस्तिष्क पर भी पड़ता है। किसी पर कम तो किसी पर ज्यादा होता है। कहावत भी है कि साठ की उम्र के बाद व्यक्ति सठियाने लगता है। सब नहीं तो कोई-कोई जरूर। उम्र बढ़ने पर शरीर तो हिलता-डुलता ही है, जुबान पर भी कंट्रोल नहीं रहता। खड़गे जी को ही लीजिए! बिचारो से चला भी नहीं जाता, और इस उम्र में कांग्रेस पार्टी ने उन्हें अपना अध्यक्ष बना रखा है। बंगाल और तमिलनाडु के चुनाव के ऐन पहले खड़गे जी पीएम मोदी को 'आतंकवादी' संबोधित कर कांग्रेस के पैरों पर कुल्हाड़ी मार डाली। उधर, ऐसे मामलों को लपकने में भाजपा का कोई सानी नहीं। वो तो इंतजार में रहती है, कब किसी कांग्रेसी की जुबान फिसले और वह उसे लपक ले। कांग्रेसियों को भी पता नहीं क्या बीमारी है, जब भी कोई चुनाव होता है, कोई न कोई कांग्रेसी भाजपा की मुश्किल आसान कर देता है। हालांकि खड़गे साहब ने हाथोंहाथ सफाई भी दी कि उन्होंने मोदी को आतंकवादी नहीं कहा था, मगर तीर तो कमान से निकल चुका। किरण रिजुजु के नेतृत्व में भाजपा जा पहुंची चुनाव आयोग के दफ्तर खड़गे की शिकायत लेकर। अब भाजपा सारे देश में चिल्लायेगी- देखो हमारे महामानव को कांग्रेस ने आतंकवादी कह दिया। भगवा ब्रिगेड को एक मौका मिल गया कांग्रेस पर हमला करने और यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के प्रति सिम्पेथी जुटाने का। खुद पीएम मोदी खड़गे के बयान को अपने ढंग से भुनायेंगे। वो तो गनीमत ये है कि पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में कांग्रेस के लिये खोने को कुछ भी है नहीं, वर्ना भाजपा अभी तक जमीन-आसमान एक कर देती और कांग्रेसी सफाई देते-देते थक जाते। दरअसल, पिछले एक-डेढ़ दशक से देश में जिस तरह की चुनावी राजनीति चल रही है, उसमें जमीनी मुद्दों और जनसरोकारों का कोई रोल रहा नहीं। गाली-गलौच और व्यक्तिगत हमलों से नैरेटिव सेट किये जाते हैं। मुजरा, मटन-मच्छी के ईद-गिर्द चुनावी लड़ाई सिमटने लगी है। बंगाल चुनाव को ही लीजिए! कौन कितना मीट खाता है, किसको मच्छी-भात पसंद है...ये चुनावी मुद्दे हैं। बाकायदा मच्छी-भात खाते हुए वीडियो जारी किये जा रहे हैं। ममता बनर्जी ने इस मुद्दे को छेड़ा तो हेमंत विसवा सरमा बोले- ममता दीदी मुझसे ज्यादा मीट खाकर दिखायें। कोई पूछे भाई मीट-मच्छी से चुनाव का क्या लेना-देना। मगर हमारी राजनीति का स्तर इतना गिर गया है कि स्तरहीन बातों और निम्नस्तरीय आचरण से भी वोट प्राप्त किये जाने लगे हैं।


# छात्रों का आत्मघात

## सपनों का बोझ है या सिस्टम की नाकामी?

**-ललित गर्ग**

**भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संसद में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार 2018 से 2023 के बीच उच्च शिक्षण संस्थानों में 98 छात्रों ने आत्महत्या की। इनमें सबसे अधिक घटनाएं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में हुईं, इसके बाद एनआईटी और केंद्रीय विश्वविद्यालयों का स्थान है। यह तथ्य इस धारणा को तोड़ता है कि केवल कमजोर छात्र ही मानसिक तनाव का शिकार होते हैं। सच्चाई यह है कि सबसे प्रतिभाशाली और संवेदनशील छात्र ही अक्सर सबसे अधिक दबाव महसूस करते हैं, क्योंकि वे स्वयं से अत्यधिक अपेक्षाएं रखते हैं और असफलता को स्वीकार नहीं कर पाते।**

कुरुक्षेत्र स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में दो महीनों के भीतर चार छात्रों द्वारा आत्महत्या की घटनाएं केवल एक संस्थान की त्रासदी एवं नाकामी नहीं है, बल्कि पूरे भारतीय समाज, शिक्षा व्यवस्था और हमारी सामूहिक संवेदनहीनता पर लगा गहरा प्रश्नचिह्न है। ये घटनाएं हमें झकझोरती हैं कि आखिर वह कौन-सी परिस्थितियां हैं, जिनमें देश की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं जीवन से हार मानने को विवश हो जाती हैं। कोई भी युवा, जो कठिन प्रतिस्पर्धा से गुजरकर ऐसे प्रतिष्ठित संस्थानों तक पहुंचता है, वह सहज रूप से जीवन का परित्याग नहीं करता, वह तब यह निर्णय लेता है जब उसे हर ओर अंधकार ही अंधकार दिखाई देता है। यह अंधकार केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक, पारिवारिक और संस्थागत विफलताओं का सम्मिलित परिणाम है। एक बड़ा सवाल है कि इस तरह छात्रों का आत्मघात करना क्या सपनों का बोझ है या सिस्टम की नाकामी? आज भारत का भविष्य कहे जाने वाले युवा जिस मानसिक दबाव, प्रतिस्पर्धा और अपेक्षाओं के बोझ तले दबे हैं, वह अभूतपूर्व चिन्ताजनक है। कोटा जैसे शिक्षा नगरों में हर वर्ष दर्जनों छात्र आत्महत्या करते हैं। इन घटनाओं को हम आंकड़ों में बदल देते हैं, लेकिन हर आंकड़े के पीछे एक जीवित सपना, एक संघर्षरत परिवार और टूटती उम्मीदों की कहानी होती है। कोटा, दिल्ली, हैदराबाद, चेन्नई और अन्य शिक्षा केंद्रों में बढ़ती आत्महत्याएं इस बात का संकेत हैं कि हमारी शिक्षा व्यवस्था में कुछ मूलभूत त्रुटियां हैं। यह केवल पढ़ाई का दबाव नहीं है, यह उस मानसिक संरचना का संकट है, जिसमें सफलता को जीवन का पर्याय बना दिया गया है और असफलता को जीवन का अंत।



भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संसद में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार 2018 से 2023 के बीच उच्च शिक्षण संस्थानों में 98 छात्रों ने आत्महत्या की। इनमें सबसे अधिक घटनाएं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में हुईं, इसके बाद एनआईटी और केंद्रीय विश्वविद्यालयों का स्थान है। यह तथ्य इस धारणा को तोड़ता है कि केवल कमजोर छात्र ही मानसिक तनाव का शिकार होते हैं। सच्चाई यह है कि सबसे प्रतिभाशाली और संवेदनशील छात्र ही अक्सर सबसे अधिक दबाव महसूस करते हैं, क्योंकि वे स्वयं से अत्यधिक अपेक्षाएं रखते हैं और असफलता को स्वीकार नहीं कर पाते। यहां प्रश्न केवल संस्थानों का नहीं है, बल्कि उस सामाजिक मानसिकता का भी है जिसने सफलता को एक संकीर्ण परिभाषा में बांध दिया है। परिवार अपने बच्चों को बचपन से ही यह सिखाते हैं कि जीवन का लक्ष्य केवल प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना है। अभिभावक अपनी सामर्थ्य से अधिक खर्च कर कोचिंग संस्थानों में बच्चों को भेजते हैं, बैंक से कर्ज लेते हैं और अपनी अधूरी इच्छाओं को बच्चों के माध्यम से पूरा करने का प्रयास करते हैं। यह अपेक्षाओं का बोझ बच्चों के मन पर इतना भारी पड़ता है कि वे स्वयं को एक प्रोजेक्ट की तरह देखने लगते हैं, एक इंसान की तरह नहीं। जब यह प्रोजेक्ट असफल होता है, तो उन्हें लगता है कि उनका अस्तित्व ही निरर्थक हो गया है।

शिक्षा व्यवस्था का ढांचा भी इस संकट के लिए कम जिम्मेदार नहीं है। हमारी शिक्षा प्रणाली बच्चों को ज्ञान तो देती है, लेकिन जीवन जीने की कला नहीं सिखाती। उन्हें बताया जाता है कि गणित कैसे हल करना है, लेकिन यह नहीं सिखाया जाता कि जीवन की समस्याओं का समाधान कैसे करना है। उन्हें भौतिकी के नियम याद कराए जाते हैं, लेकिन यह नहीं बताया जाता कि मानसिक संतुलन कैसे बनाए रखना है। परिणामस्वरूप, जब वे वास्तविक जीवन की चुनौतियों से सामना करते हैं तो वे टूट जाते हैं। आज के शिक्षण संस्थानों में शिक्षक और छात्र के बीच का संबंध भी बदल गया है। पहले शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि मार्गदर्शक और संरक्षक होते थे। आज यह संबंध औपचारिक हो गया है। कई शिक्षक अपनी भूमिका को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित रखते हैं। वे छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य, उनके भावनात्मक संघर्षों और उनके आंतरिक द्वंद्व को समझने का प्रयास नहीं करते। यह दूरी छात्रों को और अधिक अकेला बना देती है। विचित्र है कि जो देश दुनिया भर में अपनी संतुलित जीवनशैली एवं अहिंसा के लिये जाना जाता है, वहां के शिक्षा-संस्थानों में हिंसा का भाव पनपना एवं छात्रों के आत्महंता होते जाने की प्रवृत्ति का बढ़ना अनेक प्रश्नों को खड़ा कर रहा है। ऐसे ही अनेक प्रश्नों एवं खौफनाक दुर्घटनाओं के आंकड़ों ने शासन-व्यवस्था के साथ-साथ समाज-निर्माताओं को चेताया है और गंभीरतापूर्वक इस विडम्बनापूर्ण एवं चिन्ताजनक समस्या पर विचार करने के लिये जागरूक किया है, लेकिन क्या कुछ सार्थक पहल होगी? बहुत जरूरी है कि उच्च शिक्षण संस्थान अपनी कार्यशैली एवं परिवेश में आमूल-चूल परिवर्तन करें ताकि छात्रों पर बढ़ते दबावों को खत्म किया जा सके। फिलहाल जरूरी यह भी है कि इन संस्थानों में एक ऐसे तंत्र को विकसित किया जाए, जो निराश, हताश और अवसादग्रस्त छात्रों के लगातार संपर्क में रहकर उनमें आशा का संचार कर सके, उन्हें सकारात्मकता के संस्कार दे सके। इसके लिए स्थाई तौर पर कुछ मनोवैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों की सेवाएं भी ली जा सकती हैं। राज्यसभा सांसद जॉन ब्रिटास द्वारा इस मुद्दे पर केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग करना एक सकारात्मक कदम है, लेकिन केवल जांच समितियां बनाना समस्या का समाधान नहीं है। समितियां रिपोर्ट दे सकती हैं, लेकिन वे खोए हुए जीवन को वापस नहीं ला सकतीं। आवश्यकता इस बात की है कि हम समस्या की जड़ तक पहुंचें और उसे दूर करने के लिए ठोस और दीर्घकालिक उपाय करें। छात्रों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति को केवल मानसिक स्वास्थ्य का मुद्दा मानना भी पर्याप्त नहीं है। यह एक व्यापक सामाजिक संकट है, जिसमें शिक्षा प्रणाली, पारिवारिक संरचना, सामाजिक अपेक्षाएं और व्यक्तिगत मनोविज्ञान सभी शामिल हैं। हमें यह स्वीकार करना होगा कि हम एक ऐसे समाज में जी रहे हैं, जहां सफलता की अंधी दौड़ ने मानवीय संवेदनाओं को पीछे छोड़ दिया है। यहां हर कोई आगे बढ़ना चाहता है, लेकिन यह भूल जाता है कि इस दौड़ में पीछे छूटने वाले भी इंसान हैं। इस समस्या का समाधान केवल नीतिगत बदलावों से नहीं होगा, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन की आवश्यकता है। सबसे पहले, हमें शिक्षा की परिभाषा को बदलना होगा। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक संतुलित और सशक्त व्यक्तित्व का निर्माण होना चाहिए।

स्कूलों और कॉलेजों में मानसिक स्वास्थ्य को पाठ्यक्रम का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए। छात्रों को यह सिखाया जाना चाहिए कि असफलता जीवन का अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। दूसरे, अभिभावकों को भी अपनी सोच बदलनी होगी। उन्हें अपने बच्चों को यह समझाना होगा कि वे उनसे अधिक महत्वपूर्ण हैं, न कि उनकी सफलता। उन्हें बच्चों पर अपनी अपेक्षाओं का बोझ नहीं डालना चाहिए, बल्कि उन्हें अपने सपनों को पहचानने और उन्हें पूरा करने की स्वतंत्रता देनी चाहिए। तीसरे, शिक्षण संस्थानों को अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से समझना होगा।

# प्रशासन ने अभियान चलाया, शहर से अतिक्रमण हटाया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहरी क्षेत्रों को जाममुक्त बनाने के निर्देशों के अनुपालन में बुधवार को जिला प्रशासन, स्थानीय पुलिस, नगर पालिका और यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई। अभियान के दौरान डाकखाना चौराहा से शक्ति चौक के बीच तथा शक्ति चौक से नुमाइश ग्राउंड तक सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से सड़कों पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में मदद मिली। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और शहर को जाममुक्त बनाने के लिए लगातार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम नागरिकों, व्यापारियों और दुकानदारों से अपील की है कि वे सड़कों के किनारे किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें, ताकि शहर में सुगम और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनी रह सके।

# इन्दिरा पार्क में लगी आग में तालिब बंधुओं की जब्त लकड़ियां भी जलीं

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बहुचर्चित तालिब बंधुओं की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। प्रशासन पहले ही भाजयुमो जिलाध्यक्ष रोबिन चौधरी से विवाद और भाजपा के पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह पर कथित हमले के बाद तालिब बंधुओं पर शिकंजा कस चुका है। फिलहाल तालिब व उसके दो भाई खालिद और आबिद जेल में बंद हैं। इसी बीच अब उनकी जब्त की गई लकड़ियों में आग लगने का नया मामला सामने आया है। बुधवार को इंदिरा पार्क में अचानक आग लगने से तालिब बंधुओं की आरामशीन से जब्त की गई लाखों रुपये मूल्य की लकड़ियां जल गईं। आग की चपेट में वन विभाग की लकड़ियां भी आ गईं, जिससे विभाग को भी नुकसान उठाना पड़ा। वन रेंजर महेश गौतम ने बताया कि आग खोखरा ग्राउंड की ओर से लगी और तेज धूप व हवा के कारण तेजी से फैल गई। सूचना मिलते ही वनकर्मी आग बुझाने में जुट गए। मौके पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां भी पहुंचीं थीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वन रेंजर के अनुसार इस घटना में करीब 5 से 6 लाख रुपये का नुकसान हुआ है, जबकि तालिब बंधुओं की जब्त की गई लगभग 65 प्रतिशत लकड़ियां जल गईं।

# शेक्सपियर का साहित्य सदाबहार- महेन्द्र त्यागी



**चांदपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश इंग्लिश स्कॉलर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में अंग्रेजी भाषा के विश्व प्रसिद्ध कवि एवं नाटककार विलियम शेक्सपियर की 362वीं जयंती पर अंग्रेजी विद्वानों द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। आज सुबह हिन्दू इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि विलियम शेक्सपियर का जन्म 23 अप्रैल 1564 को इंग्लैंड में हुआ था। शेक्सपियर ने अपने जीवन में 37 नाटक तथा 154 इंग्लिश कविताओं की रचना की। उन्होंने कहा कि उनका साहित्य सदाबहार है तथा मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं का सटीक, सुंदर एवं प्रभावशाली चित्रण करता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने शेक्सपियर के जन्मदिन को अंतर्राष्ट्रीय अंग्रेजी भाषा दिवस के रूप में घोषित किया है। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि विलियम शेक्सपियर की कल्पना शक्ति अद्वितीय थी। उनके कई नाटकों पर भारतवर्ष में फिल्में भी बन चुकी हैं। रेशु शर्मा ने कहा कि विलियम शेक्सपियर का युग 16वीं शताब्दी को अंग्रेजी भाषा का स्वर्ण काल कहा जाता है। न्याय के क्षेत्र में उनका लिखा नाटक 'द मर्चेंट ऑफ़ वेनिस' मील का पत्थर सिद्ध हुआ है। इस अवसर पर छात्रों द्वारा भाषण प्रतियोगिता, पोयम रेसिटिंग प्रतियोगिता एवं कैलीग्राफी प्रतियोगिताओं का आयोजन कर अपनी प्रतिभा का दमदार प्रदर्शन किया गया।

# नगीना को जिला बनाया जाये : मनोज कुमार

## मनुवादी व कॉरपोरेट मीडिया पर लगाया भ्रम फैलाने का आरोप



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** नगीना लोकसभा सीट से 2024 में सपा प्रत्याशी रहे पूर्व जज मनोज कुमार नगीना को जिला बनाए जाने की मांग उठायी है। मंगलवार को अफजलगढ़ में युवा नेता शेख मौ. जैद के यहां आए मनोज कुमार व हमारे संवाददाता एसएम असलम से हुई बातचीत में कहा कि क्षेत्रफल की दृष्टि से बिजनौर जिला काफी बड़ा है, जिसमें आठ वि.स. क्षेत्र हैं और अफजलगढ़ क्षेत्र तो जिला मुख्यालय से 100 कि.मी. से भी अधिक दूर पड़ता है। उन्होंने कहा कि नगीना को जिला बनाए जाने से अवाम की तमाम समस्याओं का समाधान होगा और विकास में भी चार चांद लगेंगे। उन्होंने नगीना व आसपास के क्षेत्र के अवाम से भी इस आवाज को बुलंद करने की अपील की। पिछले दिनों लोकसभा में नारी शक्ति वंदन बिल संशोधन पर मनोज कुमार ने भाजपा की विचारधारा की आलोचना की और कहा कि यह बिल 2023 में ही पास हो गया है, मगर फिलहाल पांच राज्यों में होने वाले चुनावों एवं 2029 के लोकसभा चुनाव में पुन: सत्ता हथियाने के लिए भाजपा महिलाओं की आड़ में षड्यंत्र रच रही थी। उन्होंने कहा कि लोकसभा में भाजपा की हार संसदीय लोकतंत्र व संविधान की जीत है, लेकिन मनुवादी व कॉरपोरेट मीडिया जनता के बीच भ्रम फैलाने का काम कर रही है। पंचायत चुनाव को लेकर उत्पन्न असमंजस की स्थिति के सवाल पर मनोज कुमार ने कहा कि भाजपा नफ़रत की राजनीति करते हुए बुलडोजर जैसी कार्यवाही का प्रयोग कर प्रदेशवासियों को जो खून के आंसू रूला रही है, जनता इसका बदला लेने के लिए तैयार बैठी है, जिससे डरकर प्रदेश की भाजपा सरकार 2027 से पहले पंचायत चुनाव से भाग रही है। उन्होंने कहा कि अगर फिलहाल चुनाव हो जाएं तो भाजपा का जमीनी ढांचा ढह जाएगा।

# गेहूं खरीद में तेजी लाने के निर्देश, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने गेहूं खरीद को शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना बताते हुए इसमें तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि गेहूं क्रय कार्य की प्रगति की उच्च स्तरीय अधिकारियों द्वारा नियमित समीक्षा की जाती है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एडीएम ने सभी उपजिलाधिकारियों, डिप्टी आरएमओ, डीएसपीसीएफ तथा नेफेड के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गेहूं खरीद की प्रक्रिया को तेज किया जाए और किसानों से सीधे संपर्क कर उन्हें सरकारी क्रय केंद्रों पर अपना गेहूं बेचने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत गेहूं खरीद सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके और सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके।

# ग्रेट इंडियन एकेडमी में बच्चों ने किया वृक्षारोपण



**झालू ( चिंगारी )।** ग्रेट इंडियन एकेडमी में बुधवार को पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं प्रेरणादायक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर हरियाली और उत्साह से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा उन्हें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराना था। इस कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर कक्षा 10 तक के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नर्सरी से कक्षा 2 तक के बच्चों के अभिभावकों को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। उन्होंने अपने बच्चों के साथ मिलकर पौधे लगाए और इस महत्वपूर्ण पहल का हिस्सा बने। यह पल न केवल उनके लिए खास था, बल्कि भविष्य में पर्यावरण के प्रति उनके योगदान की एक सुंदर शुरुआत भी बना। संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन इएचए क्लब के अध्यापक पवित्र, रंजना सिंह के संरक्षण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन को विद्यालय के निदेशक आयुष अग्रवाल, तनु अग्रवाल, पूजा वर्मा, ललिता मिश्रा तथा विद्यालय के पीटीआई अरनव चौधरी के सहयोग से पूर्ण किया गया। विद्यालय प्रबंधन महोदय गौरव डाबरा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के अंदर प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकुल शर्मा व उपप्रधानाचार्या श्रीमती दीक्षा डाबरा ने अपने संदेश में कहा कि पृथ्वी दिवस केवल एक दिन का आयोजन नहीं है, बल्कि यह हमें रोजाना पर्यावरण की रक्षा करने की प्रेरणा देता है।

# लेखपाल द्वारा रिश्वत लेने का वीडियो वायरल, कार्रवाई की मांग

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर तहसील क्षेत्र के आकू ब्लॉक की ग्राम पंचायत सेडी में हरिजन बस्ती की भूमि पर भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगवाने के लिए लेखपाल द्वारा रिपोर्ट देने के नाम पर ग्राम प्रधान से रिश्वत लेने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस गांव पंचायत में तैनात महिला लेखपाल प्रीति राजपूत का अपने भाई के साथ रिश्वत लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। 'चिंगारी' वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। वायरल वीडियो में महिला लेखपाल ग्राम प्रधान से 10 हजार रुपये की कथित रिश्वत लेते हुए दिखाई दे रही हैं। वीडियो में उसका भाई भी इस लेन-देन में शामिल नजर आ रहा है।


महिला लेखपाल।

ग्राम पंचायत सेढी के प्रधान गोविंद सिंह रिजर्व सीट से गांव प्रधान का चुनाव जीते थे। उनके पुत्र अभिषेक कुमार ने चिंगारी को बताया कि ग्राम पंचायत की भूमि पर भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगवाने के लिए नहटौर क्षेत्र के विधायक से वार्ता की तो उन्होंने लेखपाल को फोन करके उचित कार्यवाही करने के लिए कहा।

अभिषेक कुमार ने बताया कि इसके बाद महिला लेखपाल कई बार गांव में आई और उन्होंने कहा कि किसी से भी फोन करा लो, रिपोर्ट मैं ही लगाऊंगी। जब तक कुछ सेवा नहीं करोगे, मैं कैसे कलम चला दूं। उन्होंने बताया कि इसके बाद महिला लेखपाल अपने भाई के साथ उनके घर पर आई और दस हजार रुपए देते हुए हमने उनकी वीडियो बना ली। इस पर महिला लेखपाल ने एक कैमरा भी तोड़ दिया परंतु दूसरे कैमरे में ली गई वीडियो को सोशल मीडिया पर डाला गया। उन्होंने बताया कि सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला लेखपाल को अपने साथ ले गई। अभी इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित शिकायत नहीं की गई है।

फिलहाल प्रशासन ने वीडियो की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में जब धामपुर तहसीलदार से वार्ता की गई, तो उन्होंने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया।

# जिलाध्यक्ष बने हनी फ़ैसल, समाजवादियों में मची हलचल



**बिजनौर ( चिंगारी )।** तीन माह के इंतजार के बाद आखिरकार समाजवादी पार्टी ने युवा नेता हनी फैसल को जिलाध्यक्ष बना दिया। उनके नाम की चर्चा दूर-दूर तक नहीं थी। पार्टी के कई दिग्गज लाइन में थे। लेकिन पार्टी हाईकमान ने अप्रत्याशित रूप से हनी फैसल के नाम पर मुहर लगा दी। जिससे उनके समर्थकों के चेहरे खिल उठे जबकी अध्यक्ष पद की दौड में शामिल अन्य नेताओं के खेमों में निराशा छा गई।

उल्लेखनीय है कि गत 23 जनवरी को सपा हाई कमान ने पार्टी की बिजनौर जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष सहित अचानक भंग कर दी थी। तब से ही ज़िले के कई नेता अध्यक्ष पद हथियाने के प्रयासों में लग गये थे। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की लगातार चुप्पी के बाद समझा जा रहा था कि अध्यक्ष पद पर शायद शेख ज़ाकिर हुसैन की ही वापसी होगी। लेकिन बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश की संस्तुति पर युवा नेता हनी फैसल की नियुक्ति का पत्र जारी कर दिया। बिजनौर के मोहल्ला नई बस्ती बी 23 निवासी हनी फैसल 2009 से जुड़े हुए हैं। वे सपा छात्र सभा के जिलाध्यक्ष, लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव और जिलाध्यक्ष तथा सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष रह चुके हैं।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में महिलाओं ने किया प्रदर्शन


प्रदर्शन करते हुए महिलाएं।

**धामपुर ( चिंगारी )।** गांव सुहागपुर में स्मार्ट बिजली मीटर को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है पिछले तीन महीनों से बिजली उपभोक्ताओं को लगातार अधिक बिजली बिल मिलने की शिकायत सामने आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें महीने में कई-कई बार बिजली बिल जमा करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में हम अपने घर परिवार का खर्च चलाएं, बच्चों को पढ़ाए या बिजली का बिल जमा करें। शुक्रवार को ग्राम सुहागपुर की महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने सड़कों पर उतरकर विद्युत विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर विद्युत विभाग के कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की। उन्होंने स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर लगाए जाने की मांग की। चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन को और तेज करने के लिए मजबूर होंगे।

# आशीष शर्मा बने जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष



**बिजनौर ( चिंगारी )।** युवा पत्रकार एवं मंथन धारा समाचार पत्र के संपादक/ प्रकाशक आशीष शर्मा को जर्नलिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नरेश भारद्वाज ने मनोनयन पत्र में कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रियता एवं उल्लेखनीय सेवाओं को देखते हुए आशीष शर्मा को यह दायित्व सौंपा गया है। साथ ही उनसे अपेक्षा की गई है कि वे निरंतर सक्रिय रहकर अपने जनपद में एसोसिएशन की जनपदीय इकाई गठित कर पत्रकारों के हितों के लिये तत्पर रहेंगे। आशीष शर्मा ने अपने मनोनयन के लिए प्रदेश अध्यक्ष नरेश भारद्वाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वह पूरी सक्रियता व ईमानदारी से पूरा करेंगे। आशीष शर्मा के जिलाध्यक्ष बनने से जिले के पत्रकारों में हर्ष व्याप्त है।

# दूसरे दिन भी स्कूल नहीं गये बच्चे

- इंचार्ज शिक्षक पर लगाया था पिटाई करने का आरोप
- बीईओ ने शिक्षिका को दिलाया चार्ज
- नहटौर के कंपोजिट विद्यालय मीमला का मामला

**नहटौर ( चिंगारी )।** कंपोजिट विद्यालय मीमला में ग्राम प्रधान और इंचार्ज शिक्षक का आपसी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार के बाद बृहस्पतिवार को भी विद्यालय में एक भी छात्र शिक्षा ग्रहण करने के लिए नहीं पहुंचा। बीईओ ने नियमानुसार मुख्य अध्यापिका को विद्यालय का चार्ज सौंप दिया।

बृहस्पतिवार को कंपोजिट विद्यालय मीमला मुस्ताबाद में खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पाल सिंह ने पहुंचकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश अनुसार अध्यापिका दीपा को विद्यालय का चार्ज ग्रहण कराया, जिसके बाद स्कूल का चार्ज लेने को लेकर में चल रही रस्साकशी को समाप्त कर दिया है। अध्यापिका के मेडिकल लीव पर होने के चलते बुधवार तक चार्ज ग्रहण नहीं किया गया। इससे पूर्व मंगलवार को मामले में ग्राम प्रधान अशोक कुमार, ग्रामीण व अभिभावकों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने मामले की शिकायत दर्ज करते हुए नियमानुसार चार्ज की मांग की। साथ ही शिक्षक को हटाने की भी मांग की थी। बुधवार के बाद आज भी अभिभावक द्वारा अपने बच्चों को विद्यालय में नहीं भेजा गया। 157 छात्र संख्या के सापेक्ष छात्र उपस्थिति शून्य रही। यह भी आरोप लगाया गया कि इंचार्ज अध्यापक छात्रों की पिटाई करते हैं। वहीं इंचार्ज अध्यापक सौरभ कुमार ने बताया कि उन पर छात्रों की पिटाई करने का आरोप गलत है। उनके द्वारा पूर्व में जो शिकायतें की गई थी, उसको लेकर कुछ लोगों द्वारा साजिश की जा रही है। खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि शिक्षिका दीपा को चार्ज दे दिया है तथा शिक्षक पर लगे आरोपों की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

# धूमधाम से मनाया गया प्रियंका मॉडर्न स्कूल का स्थापना दिवस

## विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों का अलंकरण भी हुआ



**धामपुर ( चिंगारी )।** विश्व पृथ्वी दिवस के दिन प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेण्डरी स्कूल का 41वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। साथ ही विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों का अलंकरण समारोह भी सम्पन्न हुआ। प्रियंका मॉडर्न स्कूल विगत कई दशकों से शिक्षा में रचनात्मक प्रयोगों, अकादमिक उत्कृष्टता और विद्यार्थियों के बहुआयामी विकास हेतु जिला बिजनौर में ही नहीं अपितु पश्चिमी उत्तर प्रदेश में खासा चर्चित है। यहां से शिक्षा प्राप्त विद्यार्थी देश-विदेश में अलग-अलग क्षेत्रों में योगदान देकर इसका गौरव बढ़ा रहे हैं।

विद्यार्थी परिषद अलंकरण समारोह में चयनित विद्यार्थियों के नामों की घोषणा कर उन्हें सम्मानित किया गया। ये सभी पदाधिकारी कुशल नेतृत्व और टीम भावना के साथ विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी कर विद्यालय के विकास में अपना योगदान देते हैं। स्कूल निदेशक राणा प्रियंकर सिंह और प्रशासिका अदिति सिंह ने चयनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि ये सभी छात्र-छात्राएं नेतृत्व क्षमता के साथ अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निष्पक्षता के साथ बखूबी निर्वाहन करेंगे। प्रधानाचार्य डी.एस. नेगी ने अपने संदेश में कहा कि पदाधिकारियों को अनुशासन, परिश्रम, निष्ठा और लक्ष्य प्राप्ति तक प्रयास करते रहना, कुशल नेतृत्व के लिए बहुत आवश्यक है। पूरे कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती रीता राणा के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर राजीव चौहान, तबरेज खान, मंयक कौशिक, एस.के. देवरा, डी.पी. सिंह, विवेक चौहान, शुभम अग्रवाल, लवकुश राजपूत, मोहित चौहान, नवनीत, संजीव, सरिता, अनिल शर्मा और सतनाम आदि का विशेष योगदान रहा।

# फ़र्ज़ी तहसीलदार बनकर किसानों को धमकाया, एक हज़ार बीघा जमीन पर क़ब्ज़ा जमाया

## ग्रामीणों ने किया पर्दाफाश

**बिजनौर ( चिंगारी )। जनपद में भूमाफियाओं की दबंगई का चौकाने वाला मामला सामने आया है, जहां फर्जी तहसीलदार और पटवारी बनकर किसानों को डराने-धमकाने और उनकी जमीन हड़पने का संगठित खेल चल रहा है। ग्राम हंसावाला के ग्राम प्रधान पति मदन सिंह समेत खंजापुर, छील्लौर, धर्मपुरा जदीद और धर्मपुरा कदीर के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इस पूरे गिरोह पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।**



ग्रामीणों का आरोप है कि वीरेंद्र कुमार नाम का व्यक्ति अपने साथ फर्जी तहसीलदार और पटवारी बनाकर गांवों में पहुंचता है। ये लोग खुद को सरकारी अधिकारी बताकर छोटे और कमजोर किसानों पर दबाव बनाते हैं, उन्हें डराते हैं और उनकी जमीन कब्जाने की साजिश को अंजाम देते हैं। भय और दबाव के चलते कई किसान अपनी जमीन छोड़ने को मजबूर हो चुके हैं। मामले को और गंभीर बनाते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन को अहम सबूत भी सौंपा है। उनका दावा है कि उन्होंने वीरेंद्र कुमार के साथ आए कथित फर्जी तहसीलदार की वीडियो रिकॉर्डिंग कर जिलाधिकारी को दी है, जो पूरे खेल का पर्दाफाश करती है।

आरोप यह भी है कि वीरेंद्र कुमार ने करीब 1000 बीघा जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है और फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसे मोटी रकम में बेच रहा है। इस बीच एक नया मोड़ तब आया, जब बिजनौर के एक अधिवक्ता ने भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जमीन के नाम पर उनसे करीब 30 लाख रुपये लिए गए, लेकिन अब तक बैनामा नहीं किया गया। अधिवक्ता ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में मित्रसेन एडवोकेट, मदन सिंह, विजय पाल, गोपाल, भगत सिंह, सोनू, बल्ली, जोगेंद्र, दीपक और शुभम सहित कई ग्रामीण शामिल रहे।

# आरवीआईटी में पृथ्वी दिवस पर वृक्षारोपण



**बिजनौर ( चिंगारी )।** आरवी इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बिजनौर के परिसर में विश्व पृथ्वी दिवस पर संस्थान के प्रबन्धक निदेशक सनी देशवाल, फार्मेसी निदेशक डॉ. हितेश कुमार, तकनीकि निदेशक डॉ. नितिन अग्रवाल, शिक्षकों सहित और विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया और संकल्प लिया कि प्लास्टिक का उपयोग बन्द करेंगे, अपने आस-पास साफ-सफाई का ध्यान रखेंगे और जल ही जीवन है, पानी व ऊर्जा की बचत करेंगे, अधिक मात्रा में पेड़ लगाकर पृथ्वी को प्रदुषण मुक्त बनाने में मदद करेंगे और विश्व पृथ्वी दिवस-2026 को सार्थक बनायेंगे।

# अधिवक्ता परिषद की कार्यकारिणी भंग



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अधिवक्ता परिषद ब्रज, बिजनौर इकाई की कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है। यह निर्णय बुधवार को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। इकाई अध्यक्ष अधिवक्ता अतुल सिसौदिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सहमति से वर्तमान कार्यकारिणी को भंग किया गया। संगठन के कार्य प्रभावित न हों, इसके लिए नई कार्यकारिणी के गठन तक अतुल सिसौदिया एड. को संयोजक और गजेन्द्र सिंह को सहसंयोजक नामित किया गया है। दोनों को संगठन की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर जल्द ही रूपरेखा तैयार की जाएगी। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। बैठक में एडीजीसी आनंद जिंघाला, राखी शर्मा, प्रांत महामंत्री प्रमोद त्यागी, पदम सिंह एड. आदि मौजूद रहे।

# फायरिंग कर दहशत फैलाने वाला तमंचे के साथ गिरफ्तार



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** कार में सवार होकर ग्राम तिसोतरा में एक घर के सामने फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले को पुलिस ने तमंचे तथा कारतूस के साथ गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। नांगल थानांतर्गत ग्राम तिसोतरा निवासी शुभम कुमार पुत्र स्व. शेर सिंह ने विगत 10 अप्रैल को पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में कहा था कि 31 मार्च, 2026 की रात्रि उसके घर के सामने आल्टो कार में सवार कुछ व्यक्तियों ने गोली चलाई थी। उसका कहना था कि उसे तथा उसके परिवार के सदस्यों को जान-माल का खतरा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि उक्त मुकदमे की विवेचना में अक्षय पुत्र चमन सिंह निवासी ग्राम चंदोक थाना नांगल का नाम प्रकाश में आया था। उक्त अभियुक्त को 12 बोर के तमंचे तथा एक जीवित कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# डॉ. विजय राणा की माता जी की शोक सभा कल



**बिजनौर ( चिंगारी )।** वैसे तो इस नश्वर संसार से हर किसी के जाने का दु:ख असीम होता है, लेकिन यह दु:ख और भी बढ़ जाता है, जब जाने वाली जननी मां हो। ऐसा ही दुख/वेदना का सामना करना पड़ा यहां सिविल लाइंस स्थित श्रीराम हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. विजय राणा, एड. विनय कुमार राणा एवं राजीव (मेट्रो निदेशक) को। उनकी पूजनीय माता जी श्रीमती राजकली देवी (पत्नी स्व. श्री रामचरण सिंह एड.) पिछले काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहीं थीं। बेहतर चिकित्सा सुविधिाओं व सेवा-सुश्रुषा के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और 12 अप्रैल 2026 को उन्होंने अपने निवास स्थान पर अंतिम सांस ली। परिजनों के अनुसार उनकी शोक सभा कल 24 अप्रैल, शुक्रवार को अपराह्न 2 बजे किरतपुर रोड स्थित स्वयंवर बैंक्वेंट हॉल में आयोजित की जायेगी। इससे पूर्व अपराह्न 12 बजे ब्रह्मभोज का आयोजन जायेगा।

# हितेश चौधरी बने आजाद अधिकार सेना के युवा प्रदेश अध्यक्ष



**बिजनौर ( चिंगारी )।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय सचिव अनुज गंगवार एवं पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने बिजनौर निवासी हितेश चौधरी को पार्टी का युवा प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश नियुक्त किया है। युवा प्रदेश अध्यक्ष बनने के पश्चात हितेश चौधरी ने संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से कई नई नियुक्तियां कीं। उन्होंने रूबी को मंडल अध्यक्ष (मुरादाबाद), गौतम कुमार को युवा जिला अध्यक्ष तथा शिखा रानी को महिला जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। इसके अतिरिक्त अन्य कार्यकर्ताओं को भी संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

# गौशालाओं के लिए 60 हजार कुंतल भूसा भंडारण का लक्ष्य

## 48 हजार कुंतल खरीदेगा शासन, 12 हजार कुंतल दान से जुटाने के निर्देश

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जानकारी देते हुए बताया कि जिले की गौशालाओं में संरक्षित गोवंश के समुचित भरण-पोषण के लिए 60 हजार कुंतल भूसा भंडारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस लक्ष्य के तहत 48 हजार कुंतल भूसा सरकारी बजट से खरीदा जाएगा, जबकि 12 हजार कुंतल भूसा स्वयंसेवी संस्थाओं एवं इच्छुक दानदाताओं के सहयोग से एकत्र किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों, अधिशासी अधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्वयंसेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों, दानी व्यक्तियों एवं बड़े किसानों से संपर्क कर उन्हें भूसा दान के लिए प्रेरित करें, ताकि गौशालाओं में गौवंश के लिए पर्याप्त चारे की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# विधायक मनोज पारस को पुलिस ने हाउस अरेस्ट किया




नगीना (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा के अंतर्गत आने वाले गांव नारायणपुर छंगा में हुई घटना के पीड़ितों से मिलने जा रहे सपा विधायक मनोज पारस को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर जाने नहीं दिया। बृहस्पतिवार की सुबह स्थानीय सपा विधायक मनोज पारस अपने समर्थकों के साथ ठाकुरद्वारा जाने की तैयारी में थे, तभी एसडीएम विजय शंकर, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश सिंह, थाना अध्यक्ष अवनीत मान भारी पुलिस बल के साथ विधायक आवास पहुंच गए तथा उन्हें जाने से रोक दिया। बाद में विधायक मनोज पारस ने कहा कि भाजपा सरकार में पीड़ितों से भी मिलने नहीं दिया जा रहा है। उनका कहना है कि भाजपा सरकार पूरी तरह उद्पीड़न पर उतारू है, जिसका आगामी चुनाव भी जनता माकूल जवाब देगी। इस मौके पर हाजी रोशन, धर्मेंद्र पारस, सरफराज अहमद, मास्टर नफीस कुरेशी, शमशाद रशीद, जयप्रकाश चंदेल, मोहम्मद आबिद, शाहिद नफीस, सलीम अहमद, सनावर सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# शाविक वारियर्स को हराकर नूरपुर एवेंजर्स ने जीता फाइनल



बिजनौर (चिंगारी)। जिला स्तर पर आयोजित धामपुर क्रिकेट एकेडमी में चल रहे विभागीय टी-20 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में बिना एक भी मैच हारे नूरपुर एवेंजर्स ने खिताब अपने नाम किया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में शाविक वारियर्स (बे .शि. वि.) को 3 विकेट से हराकर नूरपुर एवेंजर्स (वे.शि.वि.) ने फाइनल जीता। पूरे टूर्नामेंट में टीम का दबदबा कायम रहा। उसने हर मैच में जीत दर्ज कर अजय सफ़र तय किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शाविक वारियर्स ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 114 रन बनाए, जवाब में नूरपुर एवेंजर ने 18.5 ओवर 7 विकेट के नुकसान कप्तान आशुतोष ने 6 रन मारकर टीम को 3 विकेट से जीत दिलायी। नूरपुर एवेंजर की तरफ़ से बल्लेबाज़ ऋषभ मलिक की शानदार 39 रन बनाए। उनके अलावा पारस मलिक 14 और प्राशु चौधरी ने 17 रन का योगदान दिया। नूरपुर की तरफ़ से अरूणेश जी ने 4 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट भी लिए। उन्हें मैन ऑफ़ द मैच चुना गया। इसके अलावा नूरपुर की तरफ़ से सूर्या ने भी बहुमूल्य 2 विकेट लिए। नूरपुर की तरफ़ से सूर्या,पारस, अरुणेश आशुतोष और प्राशु चौधरी तथा शाविक वारियर्स की तरफ़ से कुलदीप, विकास, शादाब, प्रफुल और नीतीश ने शानदार तेज गेंदबाज़ी का नज़ारा पेश किए। शाविक वारियर्स की तरफ़ से निखिल मलिक न सर्वाधिक 40 रन बनाए नूरपुर के कप्तान ने जीत का श्रेय टीम के सभी खिलाड़ियो के आपसी सामंजस्य को दिया।नूरपुर एवेंजर्स की टीम में पारस मलिक, हर्षित राजपूत आशुतोश राना, ऋषभ मलिक, मोहित विष्ट प्राशु चौधरी, सौरभ कुमार,नितिन काकरान, अरुणेश उज्ज्वल सूर्या शर्मा, नीरज आकाश चहल शामिल रहे ।


भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"

के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना



"सिंदूरी"

योजना की प्रमुख विशेषताएं:-

★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।

हमारी विशेषताएं:-

1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाएँ जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाएँ उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।

हमारे अचीवर्स: Neal Rajput (M.B.B.S.), Pranab Rajput (M.B.B.S.), Roopali (M.B.B.S.), Vanshika Singh (IIT), Avantika Rana (M.B.B.S.), Avantika Malik (M.B.B.S.)

BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road,Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928


# विश्व धरती दिवस पर पुस्तकालय परिसर में पौधारोपण किया



पुस्तकालय परिसर में पौधारोपण करते पदाधिकारी।

नजीबाबाद (चिंगारी)। विश्व धरती दिवस एवं सरस्वती पुस्तकालय के निरीक्षक पंकज अग्रवाल के जन्मदिन के शुभ अवसर पर पुस्तकालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर पंकज अग्रवाल ने कहा कि हमें पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण का ख्याल रखना चाहिए। सभी को अपने आसपास, घर, व्यवसाय व प्रतिष्ठान पर पौधे लगाने चाहिए। जिससे कि वातावरण प्रदूषित होने से बच्चे तथा हमें स्वस्थ वातावरण मिले। उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने सभी को विश्व पृथ्वी दिवस पर सभी से पौधारोपण करने की अपील की। लवी अग्रवाल ने भी विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण की बात कहते हुए अपने साथी पंकज अग्रवाल के जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, गिरीश चंद्र सिंघल, नवीन अग्रवाल, अभय कुमार सिंघल, लवी अग्रवाल, दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।


देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें

• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से

अनुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020

Since 2010

M.B.B.S.
BDS, BAMS, BUMS, BHMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.

अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाइम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कोचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है

471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com

ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)


# इम्पीरियल इन्टरनेशनल स्कूल के बच्चों ने निकाली रैली



नजीबाबाद (चिंगारी)। इम्पीरियल इन्टरनेशनल स्कूल में अर्थ डे अर्थात पृथ्वी दिवस मनाया गया। विद्यालय में पृथ्वी दिवस के अवसर पर कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों द्वारा गो ग्रीन रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या ने हरी झंडी दिखाकर किया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े नारों के माध्यम स सभी को जागरूक किया तथा हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। इस अवसर पर द्रोणा हाउस द्वारा एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें पृथ्वी संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण संदेश प्रस्तुत किए गए। साथ ही हाउस मास्टर ऐश्वर्य राजपूत ने विद्यार्थियों को पर्यावरण की रक्षा करने व अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पृथ्वी को हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प दिलाना था। स्कूल प्रबंधक ओमप्रकाश ने सभी बच्चों के कार्यों की सराहना करके उनका उत्साह बढ़ाया। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षिकाओं का भरपूर सहयोग रहा।


Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD

Kajaria Exculsive Showroom

बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट

Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom

DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT

Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक

सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा

TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY

8445517265
8791919960

सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

# सूखे अमृत सरोवर में क्रिकेट खेल रहे बच्चे

## प्रशासन बताये, कैसे हों जल क्रीड़ा प्रतियोगिताएं ?

**अम्हेड़ा ( चिंगारी )।** जल की कमी के कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश का एकमात्र कैनोइंग क्याकिंग प्रशिक्षण केंद्र मात्र नाम में सिमट कर रह गया है। जल क्रीड़ा अकादमी में जल का नामोनिशान तक नहीं है। सूखे तालाब में बच्चे क्रिकेट या गिल्ली डंडे खेल रहे हैं। एक महीने बाद नेशनल चैंपियनशिप की तिथि जारी होने से प्रेक्टिस न कर पाने के कारण खिलाड़ियों के चेहरे पर चिंता कि लकीरें बढ़ती जा रही हैं। दूसरे तालाब में गंदगी का अंबार लगा है। जिले की शान बढ़ाने को तैयार युवा खिलाड़ी आखिर बिना पानी के खेल प्रतियोगिताओं की तैयारी कैसे करें?

गौरतलब है कि करीब 3 वर्ष पूर्व गांव अम्हेड़ा में सरदार भगत सिंह अमृत सरोवर की स्थापना की गई थी, जिसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश का एक मात्र क्याकिंग कैनोइंग प्रशिक्षण केंद्र भी बनाया गया था। केंद्र पर सरकार ने एक कोच फिरोज खान को नियुक्त किया। देश व प्रदेश का नाम रोशन करने की लालसा मन में लिए कई बच्चों ने केंद्र पर पंजीकरण कराया। पूर्व में अमृत सरोवर में कई जल क्रीड़ा प्रतियोगिताएं भी हुई जिसमें तत्कालीन जिला अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल व सीडीओ पूर्ण बोरा ने भी शिरकत की थी। बच्चे कोच फिरोज खान से जल क्रीड़ा के गुर सीखने लगे। लेकिन जल भरने की समुचित व्यवस्था न होने के चलते धीरे-धीरे केंद्र से बच्चों की संख्या बढ़ने की जगह घट रहीं है। बरसात में वर्षा के जल से तलाब भर जाता था तो कभी कभार गांव में बनी टंकी से तालाब भरकर खिलाड़ी तैयारी करते रहे। लेकिन अब काफी लंबे समय से तालाब पूरी तरह सूख चुका है। आज जिस तालाब में खिलाड़ियों को क्याकिंग कैनओइंग की प्रैक्टिस करनी चाहिए थी, उसमें पानी की एक बून्द भी नहीं है। इसलिए परेशान खिलाड़ी जिम में केवल शारीरिक अभ्यास करके ही वापस घर चले जाते हैं। मजेदार बात यह है कि सरकार की ओर से 36 वीं राष्ट्रीय केनो जूनियर सब जूनियर प्रतियोगिता की तिथि जारी कर दी गई है। आगामी 12 से 14 जून को राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ में आयोजित की जाएगी। बिना पानी के इस सूखे तालाब में कैसे प्रतियोगिता में शामिल होने का अभ्यास करेंगे? जिलाधिकारी जसमीत कौर से तालाब में जल भरवाने की मांग की है।



सूखे तालाब में खेलते बच्चे।

### क्या अंतर है कैनॉनिंग और क्याकिंग खेल में?

केंद्र पर तैनात कोच फिरोज खान ने बताया कि क्याकिंग व कैनओइंग दोनों खेल एक जैसे ही हैं लेकिन इनकी बोट अलग-अलग होती है। क्याकिंग की वोट में बैठकर साइड से पैडलिंग की जाती है जबकि कैनोइंग में खड़े होकर वन साइड पेडलिंग की जाती है। यहां अमृत सरोवर का 200 मीटर लंबा व 6 फीट गहरा ट्रेक है और केंद्र पर 10 वोट उपलब्ध हैं। कोच फिरोज ने कहा है कि ट्रैक में पानी सूखने की जानकारी उन्होंने उच्च अधिकारियों को दे दी है।

ले जाया जाता है। इस मामले में जिला खेल अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

### यह खिलाड़ी ले रहे हैं ट्रेनिंग

कोच के अनुसार 30 बच्चे केंद्र पर पंजीकृत हैं। बच्चों को पास की नहर में ही प्रैक्टिस कराने





केंद्र पर रखी बोट्स

### नेशनल चैंपियनशिप में भी पहुंच चुके हैं स्थानीय खिलाड़ी

अमृत सरोवर स्थित क्याकिंग केनोइंग सेंटर से चार खिलाड़ी मो. अरमान, मो. इमरान, मोहम्मद निशाद और अवि राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता टिहरी गढ़वाल में शामिल होकर जिले का नाम बढ़ा चुके हैं। साथ ही अस्मिता लीग खेलो इंडिया प्रतियोगिता में सोनी पुत्री तस्लीम ने भी सिल्वर मेडल जीता है। इसके साथ ही केंद्र के कई बच्चे कानपुर प्रतियोगिता में भी मेडल जीत चुके हैं। इसके साथ ही उवेश पुत्र साजिद हुसैन पुणे स्थित आर्मी केंद्र की भर्ती में शामिल हुआ और मामूली से अंतर से चयनित होने से चूक गया।

### जल निकासी न होने से होते हैं त्वचा रोग

**जल क्रीड़ा केंद्र पर पानी की उचित निकासी नहीं होने के चलते पानी तालाब में ही एकत्र होता रहता है। एक अन्य तालाब में पास से गंदा पानी आने से तालाब में गंदगी जमा हो जाती है। अब समुद्र सोख से उक्त तालाब अटा पड़ा है। वहां भी बोटिंग नहीं की जा सकती। जल निकासी न होने से और साफ जल ना भरने से खिलाड़ियों को दाद, खाज, खुजली और स्किन संबंधित बीमारी भी होती रहती हैं। जिसके चलते कई खिलाड़ियों ने केंद्र पर आना बंद कर दिया है।**

## पुलिस ने अवैध खनन करते पांच डम्परों को पकड़ा

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम फजलपुर मान उर्फ गदाईका में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ राजस्व व पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए पांच मिट्टी से भरे डम्परों को मौके पर पकड़कर कार्रवाई शुरू कर दी। थाना क्षेत्र में मिट्टी खनन को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बाद राजस्व विभाग के द्वारा अभियान चलाया गया। हलका लेखपाल विजय चौधरी ने बताया कि अधिकारियों के निर्देशानुसार अभियान चलाया गया था। पकड़े गये डम्परों की खनन की परमिशन भट्टे की थी। चेकिंग के दौरान मिट्टी खनन मानक के अनुरूप नहीं मिला है। जिसकी रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी गई है।

## सन शाइन पब्लिक स्कूल में वृक्षारोपण कर मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

नजीबाबाद (चिंगारी)। सन शाइन पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं पूर्वी, राघव, रिया, मानव, मनी, चारुल, भूमिका, ओवेश, यशी, इशु, हुमैरा, लवी, दिव्या, तनिष्क, विराज, आरोही, सुनैना, फिहा, मयंक, कशिश, फरहान, अर्शलान, त्रिशा आदि सभी ने सेव द ट्री, वृक्षों की महत्ता, पृथ्वी का बदलता स्वरूप आदि विषयों पर नाट्य प्रस्तुति देकर को पृथ्वी दिवस का अर्थ समझाया। विद्यालय के प्रबंधक विनोद मित्तल, प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल व शिक्षक आयुष ने बच्चों व शिक्षकों को साथ लेकर विद्यालय में वृक्षारोपण कराया। इस अवसर पर एमडी ने सभी को अपने विचारों द्वारा बताया कि पृथ्वी दिवस केवल एक तारीख नहीं है, बल्कि प्रदूषण व जलवायु परिवर्तनों के खतरों के प्रति आगाह करने का संकल्प है, आज विकास की अंधी दौड़ में मनुष्य ने जंगलों को काटकर, कंक्रीट के जंगलों में बदल दिया है। नदियों को कचरा पात्र बना दिया है जो मानव सभ्यता के लिए अनुचित है, हम सभी को चाहिए कि शुद्ध हवा, शीतल जल व उपजाऊ मिट्टी के लिए पृथ्वी को हानिकारक पदार्थों से बचाएं तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उपस्थित रहकर पृथ्वी दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला।







खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans





सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476



# कर्मयोगी बनने का दिव्य संदेश देती है गीता- डा. उषा दीदी

## 'जीवन का आधार : गीता का सार' विषय पर आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित






**बिजनौर (चिंगारी)।** ब्रह्माकुमारीज़ बिजनौर के तत्वावधान में 'जीवन का आधार : गीता का सार' विषय पर काकरान वाटिका में एक भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीके डॉ. उषा दीदी ने कर्मों की गूढ़ गति एवं श्रेष्ठ कर्म के आधार विषय पर सारगर्भित प्रवचन दिया।

अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता हमें कर्मयोगी बनने का दिव्य संदेश देती है। गीता में कर्म, अकर्म और विकर्म तीनों के बारे में विस्तार से बताया गया है। उन्होंने समझाया कि मनुष्य को ऐसे श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए, जिससे उसका वर्तमान जीवन भी सुखद और सफल बने तथा आने वाला जन्म भी श्रेष्ठ हो।

बीके उषा दीदी ने आगे कहा कि जीवन में देने की भावना (Giving Attitude) अपनानी चाहिए और सभी के प्रति सकारात्मक एवं शुभ भावना रखनी चाहिए। यही सच्चे आध्यात्मिक जीवन की पहचान है। भगवत गीता हमें मानसिक रूप से शक्तिशाली बनाती है और जीवन का सत्य परिचय देती है। उन्होंने बताया कि जैसे आजकल फिजिकल एक्सरसाइज हर कोई करने लगा है। 50 वर्ष पहले कोई भी एक्सरसाइज फिजिकल वर्क नहीं करता था, सभी स्वस्थ रहते थे, ऐसे ही हमें मेडिटेशन की भी जरूरत है। वर्तमान समय में और आने वाले 10 से 15 सालों में इसको सभी अपनाएंगे और उसका लाभ उठाएंगे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतुल अग्रवाल, वैध ठाकुर सोलंकी, डॉ. हितेश कुमार विश्नोई तथा रघुवीर विश्नोई सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीके सुरेश दीदी मुख्य संचालिका का बिजनौर सेंटर और मंच संचालन डॉ. गोमती अग्रवाल माउंट आबू शांतिवन ने की। साथ में बीके जगपाल भाई, अनुज भाई, संजना बहन, अनिता बहन, सुधा बहन, कोमल बहन, प्रीति बहन आदि का सहयोग रहा।




## लेंटर खोलते समय गार्टर गिरने से मजदूर की मौत

किरतपुर (चिंगारी)। निर्माणाधीन कमरे का लेंटर खोलते समय मजदूर के सिर पर गार्टर गिरने से घायल हो गया। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार नगीना रोड स्थित ग्राम चिड़ियापुर के सामने निर्माणाधीन कमरे का लेंटर खोलते समय राजेश (45 वर्ष) पुत्र मेहर सिंह निवासी अंबेडकर नगर किरतपुर लोहे का गर्टर सिर पर गिरने से घायल हो गया। घायल अवस्था में किरतपुर अस्पताल में ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। मोहल्ले के संभ्रांत नागरिकों के बीच में आने पर ठेकेदार व मकान मालिक तथा मृतक राजेश के परिवार में समझौता हो गया, जिसका अंतिम संस्कार गंगा बैराज पर आज दोपहर बाद कर दिया गया।

## हल्दौर नगर पालिका ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**हल्दौर (चिंगारी)।** नगर पालिका परिषद द्वारा मंडलायुक्त के आदेशानुसार एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार अधिशासी अधिकारी सीमा वर्मा के नेतृत्व में नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया, जिससे स्थाई व अस्थाई अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा रहा। इस दौरान पालिका का बुलडोजर जमकर गरजा। बुधवार की दोपहर नगर पालिका प्रशासन ने बिजनौर तहसील की राजस्व की टीम व मजिस्ट्रेट सार्थक चावला के साथ बाजार टाट मोहरा रोड तथा नहटौर रोड पर स्थाई एवं अस्थाई लगभग 30 अतिक्रमण हटाए। टीम को देखने के बाद लोगों ने स्वयं ही अपने अतिक्रमण हटाने शुरू कर दिये थे तथा कुछ लोगों ने अतिक्रमण हटाने के लिए समय मांगा है। जिसके लिए टीम द्वारा समय देते हुए चेतावनी दी गई है कि यदि स्वयं से अतिक्रमण नहीं हटाए तो जुर्माने सहित अतिक्रमण को हटाकर सामान पालिका द्वारा जब्त कर लिया जाएगा। अभियान में पर्याप्त पुलिस बल के साथ नगर पालिका का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



## जीएसएन एकेडमी में मनाया गया पृथ्वी दिवस

**हल्दौर (चिंगारी)।** जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी हल्दौर में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ 'हरियाली से ही खुशियाली' नाटक से किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने वृक्षों के काटने से होने वाले दुष्प्रभावों का नाट्य रुपांतरण करके सभी को भाव-विभोर कर दिया। नाटिका के उपरांत भूमि सुपोषण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों से घर से मंगाई गई मिट्टी को एक कलश में एकत्र कराया गया एवं उसके उपरांत प्रबंधक रघुराज सिंह नागर द्वारा विद्यार्थियों को मृदा संवर्धन एवं भूमि सुपोषण के संबंध में जागृति लाने के विषय में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से समझाया गया। विद्यार्थियों की पोस्टर एवं कार्ड प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रुप ए में नैतिक, परिधि एवं रोहन क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। ग्रुप बी में तेजसी एवं माही, उमर एवं दिव्यांश, नंदिनी एवं पूर्वी क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के अंत में कुछ विद्यार्थियों को पृथ्वी संरक्षक सैनिक नियुक्त किए गये एवं विकास पंकज के द्वारा शिक्षकों एवं समस्त विद्यार्थियों को पृथ्वी संरक्षण संबंधी शपथ दिलाई गई।



# उपभोक्ताओं का कोई जानने को तैयार नहीं हाल, गैस के लिए गर्मी में हो रहे बेहाल

## इण्डेन गैस न मिलने से गुस्साए उपभोक्ताओं ने हंगामा कर रोड जाम किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर में इण्डेन गैस की समस्या निपटने का नाम नहीं ले रही है। काफी प्रयास के बाद भी इण्डेन गैस वितरण की व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो पा रहा है, जिससे गैस के लिए बड़ी संख्या में उपभोक्ता परेशान हैं तथा उनका गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंचता जा रहा है। इण्डेन गैस एजेंसी व गोदाम पर रोज हंगामा बढ़ता जा रहा है। मगर प्रशासन व जनप्रतिनिधि कोई भी गैस उपभोक्ताओं का पुरसाने हाल बनकर समस्या हल कराने के लिए आगे आने को तैयार नहीं है। जिससे अब इण्डेन गैस उपभोक्ताओं का हाल पूरी तरह से बेहाल होता जा रहा है। गैस उपभोक्ताओं ने बुधवार को दोपहर गैस न मिलने पर इण्डेन गैस एजेंसी के सामने हरिद्वार मार्ग पर काफी देर तक जाम लगाकर प्रदर्शन किया। उपभोक्ताओं ने काफी देर तक एजेंसी व गोदाम पर भी हंगामा किया। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। नजीबाबाद इण्डेन गैस सर्विस पर नगर के सबसे अधिक करीब 30 हजार कनेक्शन है। जिसके हिसाब से करीब 1000 उपभोक्ताओं को प्रतिदिन गैस रिफिल की आवश्यकता होती है। मगर इसके बावजूद



पिछले कई महीने से इण्डेन गैस का कोटा वितरण के लिए तीन-चार गाड़ियां यानि एक हजार के बजाये मात्र 300 से 600 भरे हुए सिलेंडर आ रहे है, जिससे इण्डेन गैस की किल्लत बढ़ती जा रही है। गैस लेने के लिए करीब दस हजार उपभोक्ता जिनकी गैस बुकिंग है वह गैस लेने के लिए परेशान है। एसडीएम ने पिछले दिनों सभी उपभोक्ताओं के घरों तक गैस पहुंचाने व गोदाम से लोगों की लम्बी लाइन खत्म कराने के लिए होम डिलीवरी की व्यवस्था कराई थी, मगर इस तरह से भी कोटा पूरा न आने के कारण बुकिंग वाले सभी उपभोक्ताओं के घरों तक गैस नहीं पहुंच पाई। इण्डेन गैस कम्पनी ने व्यवस्था में सुधार कराने को नजीबाबाद गैस एजेंसी से गैस रिफिल वितरण का काम हटाकर किरतपुर गैस एजेंसी को सौंपकर गैस वितरण कराई, मगर यह व्यवस्था भी नहीं बन पाई, जिससे एक बार फिर नजीबाबाद गैस सर्विस गैस वितरण के लिए आगे आई। मगर बात फिर कोटे पर अटकी है, जब तक पर्याप्त कोटा नहीं आएगा सभी उपभोक्ताओं तक गैस नहीं पहुंच पाएगी। एसडीएम शैलेंद्र कुमार, विधायक हाजी तसलीम अहमद, साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी इण्डेन गैस कम्पनी को उपभोक्ताओं की शिकायत भेजकर कोटा बढ़ाने व पर्याप्त मात्रा में गैस रिफिल की अपील कर चुके है। किरतपुर गैस एजेंसी पर चार्ज आया तो उन्होंने पुरानी हजारों उपभोक्ताओं की बुकिंग कैंसिल की मगर फिर भी सभी को गैस नहीं मिली, अब फिर नजीबाबाद गैस सर्विस पुरानी बुकिंग कैंसिल कर नई बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को गैस की होम डिलीवरी का प्रयास करा रही है। 15 अप्रैल को 7 अप्रैल की बुकिंग की गैस बांटी गई। 10 व 11 की निरस्त कर दी गई, 21 अप्रैल को 12 अप्रैल की बुकिंग की गैस दी गई, 13 से 17 तक की निरस्त कर दी गई। निरस्त बुकिंग वाले उपभोक्ताओं को दोबारा गैस बुक कराकर एजेंसी पर सिलेंडर के लिए लिखवाने के लिए लाइन में लगा दिया गया। अब कई-कई माह पूर्व बुक गैस वाले उपभोक्ताओं को भी गैस के लिए चक्कर लगाने के बाद भी गोदाम व एजेंसी से गैस नहीं दी जा रही है। जिससे ऐसे उपभोक्ता गैस के लिए गर्मी व धूप में चक्कर काटकर काफी परेशान है। मिशन चर्च निवासी इण्डेन गैस उपभोक्ता मधु सूदन ने बताया कि उनके पास गैस बुक कराने के बाद रिक्शा चालक का सिलेंडर लेने के लिए फोन आया, मगर रिफिल उसके घर तक नहीं पहुंचा, बाद में रिक्शा चालक का मोबाइल नम्बर बंद मिला तथा वह अपने घर भी नहीं मिल पाया जबकि उनके मोबाइल पर गैस की डिलीवरी होने का मैसेज भी आ गया है। कांग्रेस नेता अमजद सिद्दीकी का कहना है कि बुकिंग कराने के बाद भी इण्डेन गैस नहीं मिल पा रही है, एजेंसी व गोदाम पर जाओ तो न तो वहां मालिक मौजूद रहते है, ना ही कोई कर्मचारी उनकी समस्या का हल करने वाला मौजूद है। मौहल्ला गडरियान निवासी शमशाद अहमद कूकर वालों का कहना है कि उन्होंने दोबारा 17 अप्रैल को बुकिंग भी करा दी है, मगर अभी तक उनके घर पर सिलेंडर नहीं पहुंच पाया है, एजेंसी के मोबाइल नम्बरों पर कोई भी बात नहीं हो पा रही है। उधर इण्डेन गैस एजेंसी के संचालक रोहित राज व मैनेजर खेमचंद का कहना है कि उनके पास भरे हुए गैस सिलेंडरों की कई गाड़ियां गोदाम पर खड़ी है, मगर उपभोक्ता धैर्य खोते हुए हंगामा कर उन्हें होम डिलीवरी कराने नहीं दे रहे है, जिससे गैस की किल्लत है, जल्दी ही व्यवस्था पटरी पर लाने का प्रयास किया जा रहा है।



# ट्रांसफार्मर ठीक करते समय लाइनमैन करंट से झुलसा

**चंदक ( चिंगारी )।** विद्युत ट्रांसफार्मर के पोल पर चढ़कर बिजली ठीक कर रहा लाइनमैन अचानक ट्रांसफार्मर में करंट आ जाने से गंभीर रूप से झुलस गया। लाइनमैन के करंट लगने से वहां अफरा - तफरी मच गई। एंबुलेंस से लाइनमैन को तत्काल मंडावर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से बिजनौर के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार यहां मंडावर रोड पर स्थित ग्राम खुड़ाहेड़ी के पास शशि फिलिंग स्टेशन ( पेट्रोल पंप ) पर सप्लाई में दिक्कत थी। वहां रखे ट्रांसफार्मर से कुछ कमी हो गई थी जिसके चलते चंदक विद्युत उपेकेंद्र से गैबलीपुर फीडर के लाइनमैन सुभाष निवासी ग्राम रामजीवाला व धर्मेंद्र बिजली ठीक करने के लिए दोपहर करीब 12 बजे पहुंचे थे। सुभाष ट्रांसफार्मर पोल पर ऊपर चढ़ गया। इसी बीच ट्रांसफार्मर में करंट आ गया, जिससे उसके हाथ में जोरदार करंट लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक फाल्ट से उसके कपड़े भी जल गए और वह ऊपर से नीचे गिर गया। लाइनमैन को करंट लगने से वहां अफरा - तफरी मच गई। गंभीर अवस्था में एंबुलेंस द्वारा सुभाष को अस्पताल ले जाया गया। शटडाउन लेने के बाद भी ट्रांसफार्मर में करंट कैसे आया यह पता नहीं चल सका।





# गन्ना किसानों की खुशहाली शासन की प्राथमिकता - सिंह

## अपर गन्ना आयुक्त ने किया गन्ना प्लाटों का निरीक्षण

**नांगल सोती (चिंगारी)।** अपर गन्ना आयुक्त (समितियां) एवं मुरादाबाद मंडल के नोडल अधिकारी डा. वी.बी. सिंह ने गन्ना बुवाई लक्ष्य और रोग प्रतिरोधक किस्मों की समीक्षा के लिये उत्तम शुगर मिल्स लि. बरकातपुर के कृषि फार्म सहित क्षेत्र के कई गांवों में स्थित गन्ना प्लॉट्स का दौरा किया और किसानों को बेहतर उत्पादन के लिये महत्वपूर्ण सुझाव दिये। भ्रमण के दौरान चीनी मिल के कृषि फार्म पर गेहूं कटाई के बाद बुवाई के उद्देश्य से कृषकों को गन्ना किस्म सीओ 15023, सीओ 0118 के बीज वितरण का निरीक्षण किया। साथ ही कृषि फार्म पर नवीनतम गन्ना प्रजातियों सीओएस 18231, सीओएलके 16202, सीओ 15023 के सिंगल बड द्वारा ट्रेंच एवं ड्रिप इरीगेशन से आच्छादित प्रदर्शन प्लॉट्स भी देखे। इस दौरान उन्होंने गन्ना किसानों से वार्ता की और गन्ना फसल सर्वेक्षण का निरीक्षण भी किया। अपर गन्ना आयुक्त डा. वी.बी. सिंह ने चीनी मिल क्षेत्र के गांवों चंदोक, खुड़ाहेड़ी, किशनपुर, कामराजपुर एवं बहादरपुर जट के गन्ना किसानों के खेतों पर जाकर फसल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को रोगों एवं कीटों के प्रति संवेदनशील प्रजाति सीओ 0238 के स्थान पर नई प्रजातियों सीओ 0118, सीओ 15023, सीओ 18231 की बुवाई करने की सलाह दी। किसानों से बीज उपचार के साथ-साथ सहफसली हरी खाद फसल उगाने तथा ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि गन्ना किसान खुशहाल रहें, यह शासन की प्राथमिकता है। इसके लिये गन्ना विभाग द्वारा किसानों को हरसंभव सुविधायें प्रदान की जा रही हैं। जिला गन्ना अधिकारी पी.एन. सिंह, गन्ना समिति सचिव विजय कुमार शुक्ल, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षण संदीप चौधरी, दिलेश्वर मिश्र एवं सुनील कुमार, बरकातपुर चीनी मिल के अपर महाप्रबंधक (गन्ना) कुलदीप सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (गन्ना विकास) चांदवीर सिंह आदि मौजूद रहे।


बरकातपुर चीनी मिल के कृषि फार्म पर गन्ना बीज को देखते अपर गन्ना आयुक्त, डीसीओ आदि।

# बी.ए. पंचम सेमेस्टर में इरम प्रथम



**किरतपुर (चिंगारी)। मरियम गर्ल्स कालेज ऑफ हायर एजुकेशन किरतपुर का बी.ए. पंचम सेमेस्टर 2025-26 का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें इरम पुत्री मौ. तारिक ने 74.8 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, ज़किया परवेज़ पुत्री मौ. अकरम परवेज़ ने 74.3 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान, आयशा नफीस पुत्री नफीस अहमद 71.3 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान तथा आलिया पुत्री नसीम अहमद ने भी 71.3 प्रतिशत के अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। अपना परीक्षा परिणाम देखकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर कालेज के प्रबंधक मौहम्मद साइम राजा ने सभी छात्राओं को आदर्श नागरिक बनकर देश एवं समाजसेवा करने का आह्वान किया। कालेज की अध्यक्षा श्रीमती मरियम साइम ने छात्राओं को कड़ी मेहनत से आगे बढ़ने और नई-नई तकनीक सीखने पर जोर दिया।**

# पॉलिथीन के विरूद्ध चलाया अभियान

**अफजलगढ़ (चिंगारी)। मंगलवार को नगर पालिका परिषद नगर में पॉलिथीन के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बाजार क्षेत्र में दुकानों की जांच की गई और पॉलिथीन का उपयोग करने वालों को चेतावनी देते हुए इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। टीम द्वारा दुकानदारों से पॉलिथीन का प्रयोग न करने तथा शासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की गई। नगर पालिका द्वारा गठित टीम में लिपिक सनी गुप्ता, सागर सैनी, मोहम्मद अरबाज, कमल सैनी, अरुण कुमार व गौरव रावत शामिल रहे।**


पॉलिथीन की जांच करते पालिका कर्मचारी।

# स्कूल में हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता




**किरतपुर (चिंगारी)।** आर.के. इंटरनेशनल स्कूल में कल पृथ्वी दिवस के अवसर पर 'सेव अर्थ' विषय पर इंटर-हाउस पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी हाउस के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अपने रचनात्मक विचारों को पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, वृक्षारोपण, प्रदूषण नियंत्रण और पृथ्वी को बचाने जैसे महत्वपूर्ण संदेशों को बेहद सुंदर और प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए टैगोर हाउस ने प्रथम स्थान, गांधी हाउस ने द्वितीय स्थान तथा कलाम हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल, एम.डी. दर्शित अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य नितिन विश्नोई ने अपने संदेश में कहा कि पृथ्वी हमारी जीवनदायिनी है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करें।

# स्कूल में पृथ्वी दिवस समारोह का आयोजन

**नूरपुर (चिंगारी)।** बुधवार को मुरादाबाद रोड स्थित चिल्ड्रन्स एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पृथ्वी दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इसमें बच्चों ने बड़े उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें कक्षा 9 के विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण करके 'हमारी पृथ्वी हमारा विकास' के अंतर्गत अपना योगदान दिया। इसमें कनिष्का, स्निग्धा, अपर वनी, काव्या, स्वालेहा, डेजी, वंश, विदित, दीक्षित आदि विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजर डॉ. प्राज्ञ गोयल, डायरेक्टर गौरव गोयल एवं प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार शर्मा उपस्थित रहे।


चिल्ड्रन्स एकेडमी में वृक्षारोपण करते शिक्षक व छात्र।

# प्रधान जुबैदा शकील ने ग्रामवासियों को दी कूड़ा-कचरा वाहन की सौगात

कूड़-कचरा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं ग्राम प्रधान जुबैदा शकील।



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** समीपवर्ती ग्राम पंचायत सीरवासुचंद की महिला ग्राम प्रधान श्रीमती जुबैदा शकील ने ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से ग्रामीणों को कूड़ा-कचरा वाहन की सौगात दी है। उन्होंने बुधवार को इसे हरी झंडी दिखाकर कूड़ा-कचरा एकत्र करने के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उपस्थित प्रधानपति शकील अहमद ने बताया कि लाउडस्पीकर लगा यह वाहन हर रोज आवाज लगाकर ग्रामीणों को सूचित करता हुआ गांव की गली-कूचे से गुजरेगा, जिसमें ग्रामीण अपना एकत्र हुआ कूड़ा-कचरा डालकर इस नि:शुल्क सेवा का लाभ उठा सकेंगे। इस मौके पर तसलीम कस्सार, मौ.उस्मान, अल्लादिया, इकबाल अहमद, सलाउद्दीन अंसारी, प्रधान पुत्र मौ. रियाज व मौ. फिरोज आदि मौजूद रहे।

# जनगणना के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू, 116 कर्मियों ने सीखे गुर

**बिजनौर (चिंगारी)।** आगामी जनगणना 2027 को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। बुधवार को आरजेपी आर्य इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एडीएम (वित्त एवं राजस्व) श्रीमती वान्या सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण के पहले दिन 116 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान एडीएम वान्या सिंह ने कहा कि जनगणना राष्ट्र के विकास की नींव होती है, इसलिए सभी कर्मी पूरी गंभीरता और सटीकता के साथ डेटा एकत्र करें। शिविर के प्रथम चरण में मास्टर ट्रेनर्स ने मकान सूचीकरण और गणना की बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर मनोज यादव, शहजाद अहमद, तेजपाल वर्मा, आयुष बघेल, जगदीप शर्मा और राजेंद्र सोलंकी ने प्रगणकों को तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन नगर पालिका परिषद बिजनौर के ईओ विकास कुमार द्वारा किया गया। शिविर को सुचारू रूप से चलाने में पालिका प्रशासन की ओर से कर अधीक्षक नरेंद्रपाल सिंह यादव, सफाई निरीक्षक गोविंद चौधरी, अवर अभियंता (जलकल) गौरव शर्मा, गणना लिपिक नदीम अहमद एवं आउटसोर्सिंग कर्मी हिमांशु, गुफरान आदि का विशेष सहयोग रहा। तीन दिनों तक चलने वाले इस शिविर में विभिन्न चरणों में सभी चयनित कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि जनगणना कार्य में कोई त्रुटि न रहे।


प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करते हुये एडीएम वित्त वान्या सिंह।

# कार्बेट टाइगर रिजर्व में पर्यटक अब रात में तारे, ग्रह और नक्षत्र भी देख सकेंगे

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** कार्बेट टाइगर रिजर्व में अब पर्यटकों को जंगल सफारी के साथ-साथ खगोल विज्ञान का भी अनुभव मिलेगा। जानकारी के मुताबिक कॉर्बेट प्रशासन ने ढिकाला जोन में एस्ट्रो टूरिज्म शुरू करने का फैसला किया है। जिसके तहत पर्यटक रात को आसमान में तारे, ग्रह और नक्षत्र देख सकेंगे। विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट टाइगर रिजर्व अपने समृद्ध वन्यजीवन और खूबसूरत पर्यटन जोनों के लिए जाना जाता है। ढिकाला जोन में रात्रि विश्राम के लिए पर्यटकों में विशेष उत्साह रहता है। इस अनुभव को और खास बनाने के लिए कॉर्बेट प्रशासन ने यह नई पहल की है।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर डॉ. साकेत बडोला के अनुसार शहरों में बढ़ते एयर और लाइट पॉल्यूशन के कारण आसमान में तारों को साफ देख पाना मुश्किल हो गया है। हालांकि, कॉर्बेट के कोर एरिया में ऐसे कई स्थान हैं, जहां लाइट पॉल्यूशन बेहद कम है और रात का आसमान साफ व चमकदार दिखाई देता है।




इसी प्राकृतिक विशेषता को ध्यान में रखते हुए एस्ट्रो टूरिज्म को बढ़ावा देने की योजना बनाई गई है। इसके तहत ढिकाला कैंपस में एक अत्याधुनिक एस्ट्रोनॉमिकल टेलीस्कोप स्थापित किया जाएगा। ढिकाला में ठहरने वाले पर्यटक न्यूनतम दरों पर रात के समय तारों, ग्रहों और नक्षत्रों को करीब से देख पाएंगे। जानकारी के अनुसार यह प्रस्ताव हाल ही में टाइगर कंजर्वेशन फाउंडेशन की बैठक में मंजूर किया गया है। डॉ. बडोला ने बताया कि यह एक तकनीकी पहल है। इसलिए शुरुआती चरण में एक विशेषज्ञ कंपनी की मदद ली जाएगी। यह कंपनी टेलीस्कोप के संचालन और स्टाफ को प्रशिक्षण देने का काम करेगा, जिसके बाद कॉर्बेट की टीम खुद इस तकनीक में प्रशिक्षित हो जाएगी। इस नई पहल से कॉर्बेट आने वाले पर्यटकों को जंगल की रोमांचक सफारी के साथ-साथ आसमान की अनोखी दुनिया को करीब से देखने का अवसर मिलेगा। यह कदम लोगों में खगोल विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ पर्यटन को भी एक नया आयाम देगा।

# बकाया मानदेय की मांग को लेकर, शिक्षा प्रेरक बैठे धरना देकर



**बिजनौर ( चिंगारी )।** साक्षर भारत मिशन के तहत कार्यरत रहे जनपद के शिक्षा प्रेरकों ने बकाया मानदेय के भुगतान की मांग को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। प्रेरकों ने आरोप लगाया कि सरकार ने योजना बंद होने (31 मार्च 2018) के बाद भी उनका लगभग 18 माह का मानदेय अब तक नहीं दिया है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने बताया कि जनपद के करीब 2250 प्रेरक इस समस्या से प्रभावित हैं। प्रेरक एकता कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष पुखराज सिंह मलिक ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा ऑडिट के बाद भी भुगतान नहीं किया गया, जो प्रेरकों के साथ अन्याय है। उन्होंने बकाया मानदेय का एकमुश्त भुगतान, अन्य विभागों में समायोजन या बेरोजगारी भत्ता देने की मांग की। इस दौरान प्रेरकों ने मुख्यमंत्री के नाम दो सूत्रीय मांग पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा। धरने में बड़ी संख्या में शिक्षा प्रेरक मौजूद रहे।

## नाबालिग को ले उड़ा

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में पीड़ित पिता ने आरोपीय खिलाफ नामजत तहरीर देते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी व्यक्ति ने क्षेत्र के ही ग्रामसभा वाला निवासी अभिषेक के विरुद्ध नामजद तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि वह उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। साथ ही उसके घर में रखे हुए एक लाख रुपए नगद, सोने चांदी के आभूषण उसकी पुत्री साथ ले गई है। थाना अध्यक्ष विजेंद्र राठी ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विश्व पृथ्वी दिवस को भू अलंकरण दिवस के रूप में मनाया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कला साहित्य की राष्ट्रीय संस्था संस्कार भारती की बिजनौर इकाई द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस को जिले भर में भू अलंकरण दिवस के रूप में आयोजित किया। इस अवसर पर जहां कलाकारों ने रंगोली, पेंटिंग, पोस्टर आदि बनाए वहीं वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। संस्था के जिला महामंत्री दीप अन्जुम ने बताया कि यह कार्यक्रम जिले में पांच स्थानों पर आयोजित किया गया। जिला मुख्यालय पर रंगोली विधा संयोजक मनीषा गुप्ता से सुन्दर रंगोली बनाई, तो वहीं साहित्य विधा सहसंयोजिका रचना शास्त्री के नेतृत्व ने ओम शिक्षा संस्थान में पेंटिंग बनाई गई और वृक्षारोपण किया गया, जिसमें सर्वश्री लाल बहादुर शास्त्री, योगेन्द्र प्रताप सिंह, इफ्तेखार




अली, आकाश, कशिश चैहान, अंजली चौधरी, अंशू शर्मा, खुश्बू चौधरी के साथ सलोनी, प्रीति, राधव, शिवांशु केशव, चंद्रजीत आदि ने सहयोग किया। मातृशक्ति प्रमुख श्रीमति चारू राजपूत के निर्देशन में पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कालेज, झालू की छात्राओं द्वारा सुन्दर रंगोली बनाई गयी, जिसमें अध्यापिका कु. कैफुलबरा के मार्गदर्शन में छात्राओं कु अक्सा, आफरीन, ईशिका, अम्बिका चौधरी और बुशरा ने सहयोग किया। अफजलगढ़ में संस्था उपाध्यक्षा श्रीमती शुचि शर्मा के निर्देशन में कु मंशा अग्रवाल व अन्यों ने सुन्दर रंगोली बनाई। वहीं संस्था से जुड़े कलाकर्मी रूद्राक्ष भारद्वाज ने अपने शिष्यों आयुष, नैतिक, वासु कुमार व लक्ष्य को पृथ्वी दिवस का महत्व बताते हुए बच्चों से सुन्दर पोस्टर बनवाये।

## घोड़ा-बुग्गी की टक्कर से युवक का पैर टूटा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम सराय आलम निवासी संग्राम पुत्र सुरेश सिंह का कहना है कि वह बाइक से समीप के ग्राम रायपुर खास उर्फ कोटसराय में किसी काम से गया था। वह सड़क के किनारे खड़ी बाइक पर बैठा हुआ था, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार घोड़ा-बुग्गी ने उसके पैर में टक्कर मार दी। घोड़ा-बुग्गी की टक्कर से उसका पैर टूट गया। घोड़ा-बुग्गी चालक मौके से फरार हो गया। उसे मंडावली के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

## चांदपुर से दिल्ली ए.सी. बस चलाने की मांग

**चांदपुर ( चिंगारी )।** मौलाना मौ. आइज चांदपुरी ने भीषण गर्मी को देखते हुए दिल्ली के लिए ए.सी. बस चलाये जाने की मांग की है। मौलाना मौ. आइज का कहना है कि चांदपुर व क्षेत्र से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग दिल्ली स्थित पंत हास्पिटल से दवाई लेने जाते है, जबकि बहुत से अन्य लोग अपने निजी कार्य के लिए दिल्ली जाते है। ऐसे में भीषण गर्मी को देखते हुए दिल्ली के लिए विशेष रूप से पंत हास्पिटल के लिए चांदपुर से ए.सी. बस सेवा शुरू की जाए। उन्होंने कहा हर व्यक्ति गाड़ी किराये पर लेकर दिल्ली नहीं जा सकता है।



# नगीना में एम्स बनाने की मांग को लेकर मुहिम तेज

**नगीना ( चिंगारी )।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए प्रस्तावित एम्स अस्पताल को नगीना में बनवाने के मांग की मुहिम अब रोजाना तेजी पकड़ रही है। इस मुहिम में एलआरएस कॉलेज भी शामिल होकर मुख्यमंत्री को पांच हजार पोस्टकार्ड भेजेगा। पालिका के नामित सदस्यों द्वारा

## LRS कालेज भी भेजेगा पांच हजार पोस्ट कार्ड

नगीना में वर्षों से बंद पड़ी कताई मिल की आराजी पर एम्स अस्पताल खुलवाने की मांग पिछले दिनों प्रारंभ की गई थी। शुरुआत में सबसे पहले एसडीएम व भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री द्वारा मुख्यमंत्री को इस संबंध में मांग पत्र भेजा गया था। भाजपा नेता व नामित सभासद डॉक्टर भूपेश चौहान ने बताया कि एक लाख पोस्टकार्ड इस संबंध में मुख्यमंत्री को भेजे जाने की मुहिम के दूसरे दिन करीब 2000 पोस्टकार्ड लोगो द्वारा भेजे गए हैं। दूसरे दिन एल आर एस कॉलेज के प्रबंधक संजीव अग्रवाल ने भी अपने कॉलेज के विद्यार्थियों से इस मांग के समर्थन में मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड भिजवाए हैं। डॉ. भूपेश चौहान ने बताया कि एम्स अस्पताल खुलवाने की मुहिम में लगातार लोगों का जन समर्थन मिल रहा है।



एम्स अस्पताल खुलवाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड भेजते विद्यार्थी व शिक्षक।

# अगर किसान और सरकार अभी से नहीं चेते, तो सोना उगलने वाली धरती हो जायेगी बंजर

## मिट्टी बचाइए, खेती बचाइए, किसान बचाइए

कभी 'सोना उगलने वाली धरती' कहे जाने वाले पश्चिमी उत्तर प्रदेश, विशेषकर बिजनौर की मिट्टी आज एक ऐसे संकट के मुहाने पर खड़ी है, जिसे यदि समय रहते नहीं रोका गया तो आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी। अधिक उत्पादन लेने की अंधी दौड़ में किसानों द्वारा अंधाधुंध रासायनिक खादों, यूरिया और जहरीले पेस्टिसाइड का प्रयोग लगातार मिट्टी की सेहत बिगाड़ रहा है। खेत ऊपर से हरे दिख रहे हैं, लेकिन भीतर से उनकी जान निकलती जा रही है।

जब मैंने जनपद बिजनौर की विभिन्न मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं की रिपोर्ट पढ़ी तो परिणाम चौकाने वाले ही नहीं, भयावह भी लगे। स्योहारा स्थित देवरा मिट्टी जांच केंद्र द्वारा 1000 नमूनों की जांच में पाया गया कि अधिकांश मिट्टी में जैविक कार्बन (Organic Carbon), सल्फर, कॉपर और पोटाश की गंभीर कमी है। मिट्टी का pH मान भी कहीं अधिक बढ़ा हुआ है, तो कहीं असंतुलित रूप से घटा हुआ।



इसी प्रकार बिजनौर की शुगर मिलों में स्थापित मृदा परीक्षण लैबों द्वारा लगभग 3000 नमूनों की जांच रिपोर्ट बताती है कि जिले की अधिकांश कृषि भूमि में ऑर्गेनिक कार्बन 0.30 प्रतिशत या उससे भी कम रह गया है। कुछ नमूनों में तो यह 0.11 प्रतिशत तक दर्ज हुआ। जबकि कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार स्वस्थ मिट्टी के लिए यह 0.70 प्रतिशत या उससे अधिक होना चाहिए।

यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि खतरे की घंटी है। क्योंकि जैविक कार्बन ही मिट्टी की आत्मा है। यही मिट्टी को भुरभुरी बनाता है, पानी रोकता है, पोषक तत्वों को पकड़कर रखता है और फसल की जड़ों तक पहुंचाता है। जब मिट्टी से कार्बन खत्म होने लगता है तो जमीन धीरे-धीरे 'जिंदा' से 'मृत' होने लगती है।

मिट्टी का pH मान यदि असंतुलित हो जाए तो चाहे किसान कितना भी खाद डाल दे, पौधा उसे ग्रहण नहीं कर पाता। इसी प्रकार विद्युत चालकता (EC) मिट्टी के स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण पैमाना है। सामान्यत: स्वस्थ भूमि में EC 1 से 2.5 dS/m तक लाभकारी मानी जाती है, लेकिन बिजनौर के अधिकांश नमूनों में यह 0.20 से 0.74 के बीच ही पाई गई, जो मिट्टी में पोषक तत्वों की कमजोर उपलब्धता का संकेत है।

### सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर यह स्थिति आई कैसे ?

उत्तर साफ है- लगातार एक ही फसल का चक्र, विशेषकर गन्ने जैसी नकदी फसल पर अत्यधिक निर्भरता, फसल अवशेषों को जलाना, गोबर की खाद और हरी खाद से दूरी, पशुपालन का घटता चलन, और रासायनिक खेती पर बढ़ती निर्भरता। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की एक रिपोर्ट में 2.5 लाख से अधिक मिट्टी के नमूनों के अध्ययन के आधार पर बताया गया है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मिट्टी में वही हालात बनने लगे हैं, जो 15-20 वर्ष पहले मध्य प्रदेश के मालवा और मेवाड़ क्षेत्र में बने थे। यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो उत्पादन में भारी गिरावट आ सकती है।

बिजनौर में भी इसका असर दिखना भी शुरू हो गया है। इस वर्ष अकेले जनपद में लगभग 600 करोड़ रुपये का कृषि उत्पादन कम हुआ है। गन्ने का उत्पादन घटा है, शुगर मिलों की पेराई प्रभावित हुई है और किसान की आय पर सीधा प्रहार हुआ है। विडंबना यह है कि जिन कंपनियों के पेस्टिसाइड और रासायनिक उत्पाद इस स्थिति के लिए जिम्मेदार हैं, वही कंपनियां किसानों को अधिक उत्पादन के सपने बेच रही हैं।

आज जरूरत केवल किसान को दोष देने की नहीं, बल्कि पूरे तंत्र को जगाने की है।

कृषि विभाग को गांव-गांव अभियान चलाना होगा। शुगर इंडस्ट्रीज को CSR के तहत मिट्टी सुधार कार्यक्रम शुरू करने होंगे।

किसान संगठनों को आंदोलन के साथ-साथ जागरूकता अभियान भी चलाने होंगे और किसान नेताओं को खुद उदाहरण प्रस्तुत करना होगा। यदि मिट्टी स्वस्थ होगी तो भोजन स्वस्थ होगा, और भोजन स्वस्थ होगा तो मानव स्वस्थ होगा। मिट्टी बीमार होगी तो खेत बीमार होंगे, खेत बीमार होंगे तो किसान बीमार होगा, और किसान बीमार होगा तो देश की अर्थव्यवस्था बीमार हो जाएगी।



### समाधान क्या है ?

**समाधान बहुत कठिन नहीं, केवल इच्छाशक्ति चाहिए**

- फसल चक्रीकरण अपनायें
- हरी खाद और गोबर की खाद का प्रयोग बढ़ायें
- जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर लौटिये
- पशुपालन को खेती से जोड़िये
- मिट्टी की जांच के आधार पर ही खाद डालिये
- फसल अवशेष न जलाइये
- सरकारी सब्सिडी ईमानदारी से किसान तक पहुंचाइये

स्थिति भयावह हो जाएगी। बंजर जमीन केवल उत्पादन नहीं रोकती, वह परिवार तोड़ती है, पलायन बढ़ाती है, अपराध बढ़ाती है और कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बनती है। सरकारों को यह समझना होगा कि किसान को बचाना है तो जमीन को बचाना होगा। और जमीन को बचाना है तो मिट्टी की 'आत्मा' उसका जैविक कार्बन बचाना होगा। समय अभी भी है, अगर आज चेत गए तो खेत फिर लहलहाएंगे। अगर आज भी सोते रहे, तो आने वाली पीढ़ियां पूछेंगी-

**जब धरती मर रही थी, तब तुम क्या कर रहे थे ?**

**-दिगंबर सिंह**

## कथा में हर्षोल्लास से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



**बिजनौर (चिंगारी)।** रेलवे स्टेशन के पास स्थित लाला विवेक गुप्ता एडवोकेट के जैन कम्पाउंड में चल रही भागवत के चौथे दिन श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गद्दीनशीन स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज द्वारा बताया कि राजा परीक्षित व कलयुग में दीर्घ वार्तालाप के पश्चात ब्रह्मा जी के सृष्टि नियमों को ध्यान में रखते हुए कलयुग के केवल चार स्थानों मदिरालय, जुआघर, वेश्यालय एवं स्वर्ण आभूषणों में रहने की अनुमति प्रदान की गई। कथा के मुख्य यजमान प्रमोद अग्रवाल, श्रीमती किरण गुप्ता रहीं। कृष्ण जन्म के चलते कथा स्थल को गुब्बारे व खेल खिलौनों से सजाया गया था। स्वामी जी के भजनों पर आनंदित होकर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। भागवत के समापन पर 26 अप्रैल को प्रात: 8 बजे यज्ञ किया जायेगा। तत्पश्चात भोग एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा।

## सीसीटीवी फुटेज से खुला मोनू की हत्या का राज

### शव बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**स्योहारा (चिंगारी)।** अपहरण कर युवक की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने का राज सीसीटीवी फुटेज में सामने आते ही पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर पूछताछ की और दोनों की निशानदेही पर शव बरामद किया। शव को पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। क्षेत्र के गांव बेरखेड़ा टांडा निवासी सुरेंद्र कुमार ने 19 अप्रैल को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दो युवकों द्वारा उसके बेटे मनोज उर्फ मोनू का अपहरण कर लिया है, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अपहरणकर्ताओं की खोज शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस बुधवार को अपहरणकर्ताओं तक पहुंची और पुछताछ शुरू कर दी। दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने शव और मोटरसाइकिल को बेरखेड़ा सेंटर मोड़ के पास से बरामद कर लिया। बरामद शव को पुलिस ने पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर ही मुकदमा दर्ज कर लिया गया था और सीसीटीवी कैमरों की मदद ली गयी थी, जिसमें दो लोगों के साथ मृतक मनोज जाता हुआ देखा गया था, जिसके आधार पर ही अनुज पुत्र पवन निवासी शरीफपुर, नितिन पुत्र नन्हे निवासी खुर्द को गिरफ्तार किया गया है। दोनों से पूछताछ की गयी और निशानदेही पर शव बरामद किया। दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

## स्कूल चलो अभियान के लिए कार्यशाला आयोजित

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** बेसिक विद्यालय में शत-प्रतिशत नामांकन कराने, स्कूल छोड़ चुके बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़कर उनके पुन: प्रवेश करने के लिये कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के लिये कार्यशाला का आयोजन किया गया। ब्लॉक के जूनियर हाईस्कूल पूरनपुर गढ़ी में आयोजित शिक्षक संकुल व अध्यापकों की कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि पूर्व बीआरसी मोबीन हसन ने शत-प्रतिशत नामांकन व ठहराव के लिये समुदाय के सहयोग को आवश्यक बताते हुए उनसे सहयोग लेने को कहा। मुख्य अतिथि एआरपी डॉ. राहुल वर्मा ने बच्चों का विद्यालय से जुड़ाव, प्रभावी नामांकन, अभिभावकों के सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। शिक्षक/शिक्षिकाओं ने टीएलएम का प्रस्तुतीकरण किया। प्रभारी शिक्षक संकुल महेंद्र सिंह की अध्यक्षता एवं मुकेश शर्मा के संचालन में आयोजित कार्यशाला में मोबीन हसन, राहुल वर्मा, महेंद्र, मुकेश, संजय कुमार, सुमेधा चौरसिया, ममता कालरा, प्रेरणा सैनी, गजाला परवीन, वंदना, धर्मेंद्र आदि उपस्थित रहे।




कार्यशाला में शामिल शिक्षक व विचार रखती शिक्षिका।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व प्रोसेसिंग प्लांट का किया ट्रायल

## यह प्लांट शहर की स्वच्छता के लिए महत्वपूर्ण कदम : मेयर



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** ऋषिकेश को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, नगर निगम ऋषिकेश द्वारा लाल पानी कक्ष संख्या एक स्थित नवनिर्मित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं प्रोसेसिंग प्लांट का ट्रायल किया गया। यह आधुनिक प्लांट ऋषिकेश के शहरी प्रबंधन में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य शहर से एकत्रित होने वाले कूड़े का वैज्ञानिक पद्धति से निस्तारण करना है, जिससे न केवल स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी बड़ी सहायता मिलेगी। ट्रायल के माध्यम से प्लांट के हर चरण की निगरानी की गई है ताकि पूर्ण क्षमता के साथ संचालन शुरू किया जा सके। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य ऋषिकेश को देश के स्वच्छतम शहरों की श्रेणी में अग्रिम पंक्ति में खड़ा करना है।

नगर निगम ऋषिकेश के महापौर शंभू पासवान ने कहा कि यह प्लांट हमारे शहर के लिए स्वच्छता की एक नई दिशा है। कूड़े का उचित निस्तारण ऋषिकेश की पहचान और स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। आज का यह ट्रायल आने वाले समय में एक स्वच्छ और हरित ऋषिकेश के संकल्प को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर नगर निगम ऋषिकेश के नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल, सहायक नगर आयुक्त चन्द्रकांत भट्ट, पार्षद सत्या कपरवान, हर्षवर्धन रावत, आशु डंग, रामकुमार सांगर तथा नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ट्रायल के मुख्य बिंदु

**वैज्ञानिक पद्धति :** प्लांट के माध्यम से कूड़े का पृथक्करण और उसका वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण किया जाएगा।

**तकनीकी जांच :** ट्रायल के दौरान प्लांट की कार्यक्षमता और मशीनों के संचालन की गहन तकनीकी जांच की गई, ताकि इसे पूर्णत कार्यात्मक बनाया जा सके।

**सामूहिक भागीदारी :** कार्यक्रम में निगम के पार्षदों और प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने स्वच्छता के प्रति इस सामूहिक प्रयास को सराहा।

## स्कूलों के समय में किया जाये परिवर्तन, निजी स्कूल संचालकों ने दिया ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार के निजी स्कूल संचालकों ने प्रशासन से स्कूलों का समय पूर्व की तरह करने की मांग की है। इस संबंध में निजी स्कूल वेलफेयर सोसाइटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने तहसील में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने के साथ ही मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में मैदानी क्षेत्रों में गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है और लू चल रही है। दोपहर के समय तेज धूप में निकलना बच्चों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। बच्चे गर्मी के कारण सुस्त और बीमार हो रहे हैं। वर्तमान में सुबह 7:45 से दोपहर 2:05 बजे तक का विद्यालय समय बच्चों के स्वास्थ्य के अनुकूल नहीं है, इसलिए स्कूल का समय पहले की तरह किया जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में गिरिराज सिंह रावत, राकेश उनियाल, करुणेश कुकरेती, रेणुका गुसाईं, गणेश ध्यानी और वरुण भदोला शामिल रहे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया पुलिस ने देहरादून से थाम लिया



कोटद्वार पुलिस की गिरफ्त में दुष्कर्म व धमकी देने वाला आरोपी।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोतवाली पुलिस ने एक युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व धमकी देने वाले आरोपी को देहरादून से गिरफ्तार किया है। युवती ने आरोपी पर गाली गलौच करने का आरोप भी लगाया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 मार्च को स्थानीय निवासी एक युवती द्वारा कोतवाली में शिकायती प्रार्थना-पत्र दिया गया, जिसमें उन्होंने अंकित किया था कि राहुल कुमार, निवासी-आमपड़ाव ने शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक सम्बन्ध बनाये तथा किसी को बताने पर गाली गलौच करने सहित जान से मारने की धमकी दी गयी। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच आरंभ कर दी। मामले की जांच के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप नेगी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने साक्ष्यों एवं प्राप्त सूचनाओं के आधार पर प्रकरण में आरोपी राहुल कुमार, पुत्र छुट्टन सिंह, निवासी-आमपडाव को देहरादून से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तारशुदा आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## रोवर्स-रेंजर्स को योगाभ्यास कराया कई तरह की गांठ लगाना सिखाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में चल रहे रोवर्स-रेंजर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन प्रथम सत्र में जिला आयुक्त शांति रतूड़ी द्वारा रोवर्स व रेंजर्स को बेडन पावेल के 6 व्यायाम करवाये गये। तत्पश्चात प्रशिक्षक रूप चंद्र लखेड़ा द्वारा रोवर्स व रेंजर्स को मेंटल और फिजिकल बैलेस के लिए ताड़ासन, वृक्षासन, गरुड़ासन, मंडूकासन व ब्रजआसन आदि का अभ्यास कराया गया। साथ ही विभिन्न प्रकार के स्ट्रेचर निर्माण सहित विभिन्न प्रकार की गांठों की जानकारी दी गयी । प्रशिक्षण के दौरान रोबर्स-रेंजर्स को वर्तमान समय में बिगनर्स कोर्स की भूमिका से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रेंजर्स प्रभारी डा. सुषमा भट्ट, रोवर्स प्रभारी डा. जुनिश कुमार, डा. भगवत सिंह रावत, डा. सुरभि मिश्रा, डा. सुनीता नौटियाल और अरविन्द दुदपुड़ी सहित समस्त प्रतिभागी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## एमवीएम में पृथ्वी दिवस पर आयोजित हुईं प्रतियोगिताएं

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बीईएल रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का आरंभ करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह गुसाईं ने छात्रों को पृथ्वी पर हो रहे परिवर्तनों पर जानकारी दी। तत्पश्चात कक्षा एक और कक्षा दो के छात्रों के लिए रंग भरो व कक्षा तीन से इंटरमीडिएट के छात्रों के लिए पर्यावरण जागरूकता विषय पर पोस्टर एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में सभी छात्रों ने अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं का परिणाम विद्यालय में आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों के दौरान जारी किया जायेगा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

## नाली पर से अतिक्रमण हटवायें बाजार की साप्ताहिक बंदी करायें

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सुखरौ मंदिर समिति के अध्यक्ष राजाराम अणथ्वाल ने सुखरौ देवी मंदिर के पास नाली से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। कहा कि तीन माह पूर्व नाली से अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अभी तक नाली से अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। उन्होंने बताया कि जनहित में नाली से अतिक्रमण को शीघ्र हटाया जाना चाहिए। वहीं श्रमिकों की समस्या उठाते हुए, उन्होंने कहा कि वर्षों से कोटद्वार का बाजार रविवार को बंद रहता था, जिससे दुकानों में कार्य करने वाले श्रमिकों का अवकाश रहता था, लेकिन कुछ वर्षों से बाजार हर दिन की भांति रविवार को भी खुला रहता है, जिस कारण दुकान में काम करने वाले श्रमिकों को अवकाश नहीं मिलता है, जो कि श्रमिक अधिनियम के तहत अनुचित है। मौके पर उन्होंने प्रशासन से इस संबंध में उचित कार्वाई करने की मांग की।

# मीठीबेरी महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को दी गई भावपूर्ण विदाई

## परिश्रम से ही सब कुछ संभव : प्रो. अर्चना गौतम



**चिड़ियापुर ( चिंगारी )।** राजकीय मॉडल महाविद्यालय मीठीबेरी में अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या एवं समस्त प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बी.ए. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने बी.ए. अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं का सभागार में स्वागत किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने विचार एवं अनुभव साझा किये। इस दौरान वे भावुक हो गए। उन्होंने अपने सभी गुरुजनों को स्मरण करते हुए कहा बिना गुरूजनों के ज्ञान का प्रकाश प्राप्त नहीं किया जा सकता है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफ़ेसर अर्चना गौतम ने इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि परिश्रम से ही सब कुछ संभव है। प्राचार्या सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने सभी छात्र-छात्राओं को भविष्य में निरंतर प्रगति करने के लिए आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम का संचालन कु. आस्था ने किया। कार्यक्रम में प्रोफ़ेसर सतेंद्र कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. आशुतोष मिश्रा, डॉ. अरविंद वर्मा, डॉ. कुलदीप चौधरी, डॉ. देशराज, डॉ. सुनीता बिष्ट एवं शशिधर उनियाल, श्रीमती पूनम, सूरज, कुलदीप आदि सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

//23+ years of LEGACY

THE FUTURE WITH
ARTIFICIAL INTELLIGENCE.

## Degree Programme

- B.V.Sc & A.H.
- BAMS
- BNYS
- B.Pharmacy
- Post Basic BSc Nursing
- B.Sc. Nursing
- B.P.T.
- B.M.L.S.
- B.Optometry
- B.Sc. Microbiology
- B.Sc. Biotechnology
- B.Sc. Food Technology
- B.Tech (CSE)
- BCA
- B.Sc. (Computer Sc.)
- BBA
- BBE
- B. COM
- BA LL.B
- BBA LL.B (Hons.)
- B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
- B.Sc. Agriculture (Hons.)
- B.Sc. Home Science

## Diploma Programme

- Diploma in Agriculture
- Diploma in Veterinary Science
  Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
- Diploma in Pharmacy
- Diploma in Engineering (Polytechnic)
- Diploma in Elementary Education (BTC)
- G.N.M. I A.N.M.

CONTACT US:
7055604050
7055604040

www.vivekuniversity.ac.in

VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701

